जयपुर

# माहेश्वरी पत्रिका

वर्षों की विरासत

वर्ष 16 ■ अंक 08 ■ जनवरी 2026 ■ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति



बसंत पंचमी : 23 जनवरी

प्रतिभा सम्मान समारोह : 25 जनवरी

गणतंत्र दिवस : 26 जनवरी

महाशिवरात्रि : 15 फरवरी

## ऋतुराज बसंत

ज्ञान की ज्योति

प्रकृति का उत्सव


64 वर्षों से आपके विश्वास पर खरी...
माहेश्वरी
चाय
स्थापित-1961
माहेश्वरी चाय
आपके कप की चाय
दें सलामी इस तिरंगे को
जिससे हमारी शान है,
सर हमेशा ऊंचा रखना इसका
जब तक आप में जान है !
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
CTC DUST
दानेदार चाय
आसाम के बागानों की चुनिंदा चाय
माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि., जयपुर (राज.) फोन : 0141 - 2740919, 2312723
contact@maheshwaritea.com www.maheshwaritea.com
www.instagram.com/maheshwari_chai www.facebook.com/maheshwaritea

वर्ष 16 | अंक 08 | जनवरी, 2026
RNI NO. RAJBIL/2010/36984

2621644
2623500
2621100
8233681813

जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA

प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-04
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-03
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

सेवा त्याग सदाचार
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
वर्षों की विरासत

**परामर्श मंडल**
देवेन्द्र झंवर
चन्द्रमोहन शारदा
श्रीकिशन अजमेरा
नारायण लाल परतानी
बिट्ठल चौधरी
रमेश मूंदड़ा ( पूर्व पार्षद )
विमल लढ्ढा
संजय कचोलिया
अखिल माहेश्वरी ( शकुन ग्रुप )

**सह-संपादक**
राजेन्द्र मूंधड़ा
बालकृष्ण जाजू 'बालक'
महेश मालपानी ( हरमाड़ा )
डॉ. सुनीता पेड़ीवाल
श्रुति लाहोटी

**संपादकीय टीम**
अरुण मंत्री
हेम प्रकाश बाहेती
कमल पेड़ीवाल
पुरुषोत्तम लढ्ढा
मंजू मंत्री
सुमन साबू ( मुरलीपुरा )
मितेश चितलांग्या
पुरुषोत्तम काबरा
नरेश झंवर

**विज्ञापन संयोजक**
रामकृष्ण बागला

**विज्ञापन सहसंयोजक**
महेश परवाल (MTC)
श्रीकिशन मालपानी
कमल किशोर मंत्री
अनिल नोवाल
अशोक लढ्ढा
रेखा बिड़ला
नीलेश भूतड़ा

**विज्ञापन संकलन टीम**
दामोदर प्रसाद अटल
भगवान जाजू
शिव मूंदड़ा ( मुरलीपुरा )
राकेश झंवर ( बंबाला )
लक्ष्मीकांत बांगड़
रघुनन्दन राठी
सुभाष भारती खटोड़
विमल राठी
आलोक लढ्ढा



**विजय सारड़ा**
प्रचार मंत्री
98281-12198



**मोहन तोषनीवाल**
प्रधान संपादक
98290-67553



**मधु भूतड़ा 'अक्षरा'**
संपादक
98281-53965



**प्रिंसा ( चारु ) बांगड़**
संयोजक
99115-00431

## संपादकीय

पत्रिका का होने लगा है सभी को इंतजार
हर्षित मन से साझा कर रहे बंधु यह उद्गार
प्रसन्नचित हुआ हृदय जानकर भावों को
विषयवस्तु पसंद करने हेतु अत्यंत आभार।

प्रिय आत्मीय बंधुओं,

प्रकृति में खिली पीली सरसों और शीतल बयार ऋतुराज बसंत के आगमन का शंखनाद करती है एवं नव परिवर्तन को स्वीकार करने का संदेश देती है।

शिक्षा और संस्कार हमारे माहेश्वरी समाज के आधार स्तंभ है, समाज के सभी शिक्षण संस्थानों में इसी ऋतु में विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा-अर्चना पूर्ण श्रद्धा व हर्षोल्लास से सम्पन्न होती है। बोर्ड और आगामी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए विद्यार्थियों के लिए यह उन्नत अवसर है। पत्रिका के माध्यम से आपके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

**संविधान से राष्ट्र और विधान से समाज संचालित होता है। हमारा कर्तव्य है कि दोनों की पूर्ण आस्था से हम अनुपालना करें।** इस अंक में गणतंत्र दिवस का गौरव और महाशिवरात्रि की आध्यात्मिक ऊर्जा को भी साझा किया गया है।

यह पत्रिका हमारे समाज की गतिविधियों, उपलब्धियों व सांस्कृतिक आयोजनों का प्रतिबिंब है। विनम्र निवेदन है कि आगामी 8 मार्च, 2026 को होने वाले ऑनलाइन परिचय सम्मेलन हेतु अपना रजिस्ट्रेशन तुरंत कराएं।

आपके सुझाव और सक्रिय भागीदारी ही हमारी प्रेरणा सामर्थ्य है, तो आइए! अपने समाज और राष्ट्र की उन्नति हेतु दृढ़ संकल्प करें।

- मधु भूतड़ा 'अक्षरा'

# At 265 DEGREE CONSULTANTS, we offer India's most structured, scientific approach to VASTU.

**CALL FOR APPOINTMENT**
+91-9782549090
+91-9929811117

**Struggling with stress, slow growth, or bad vibes at home or work?**
**It could be your VASTU. Here's how we fix it — *without breaking a single wall!***

## 7 SIMPLE STEPS TO SET YOUR SPACE RIGHT:

1. Share your floor plan & Google location.
2. We do a 20+ point Vastu check
3. Suggest easy, practical fixes (no demolition!)
4. Guide you on interiors & colours
5. Use your birth details for personalized AstroVastu
6. Visit to install metal remedies & Manjusha Kalash
7. See the shift — in health, money, mood & energy



**INSTAGRAM**
@265degreeconsultants

**WEBSITE**
www.265degreeconsultants.com

**PAN-INDIA**
Online & On-Site Consultations Available

**TRUSTED BY HOMEOWNERS, ENTREPRENEURS, BUILDERS, AND INDUSTRY LEADERS ACROSS INDIA.**

- No breaking walls.
- No big changes.
- Just smart Vastu corrections.

Send us your floor plan and we'll guide you from there!

प्रिय समाज बंधुओं,

**नवजीवन और उल्लास के प्रतीक ऋतुराज बसंत के शुभ अवसर पर सप्रेम शुभकामनाएं!**

राम-राम

प्रकृति जब स्वयं को रंगों से सजाती है, वातावरण सुगंध से भर उठता है और चारों ओर जीवन का उत्सव दिखाई देता है, तभी ऋतुराज बसंत का आगमन होता है। यह ऋतु मनुष्य के भीतर के उत्साह और रचनात्मकता को जाग्रत करती है।

बसंत का स्वभाव प्रसन्नता और विस्तार का है। पुष्पों की खिलखिलाहट, कोमल पवन का स्पर्श और हरियाली की चादर यह संदेश देती है कि जीवन निरंतर आगे बढ़ने और स्वयं को नया रूप देने का नाम है। यह समय है स्वयं को सीमाओं से मुक्त कर, नए विचारों और नए प्रयासों की ओर कदम बढ़ाने का।

बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, कला और अभिव्यक्ति के महत्व को उजागर करता है। माँ सरस्वती की उपासना हमें यह स्मरण कराती है कि विचारों की स्पष्टता, वाणी की मधुरता और कर्म की शुद्धता ही जीवन को सार्थक बनाती है। जब ज्ञान और सृजन साथ चलते हैं, तब समाज में नवाचार और प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है।

माहेश्वरी समाज की पहचान सदैव कर्मठता, उद्यमशीलता और सामाजिक सहभागिता से रही है। बसंत हमें प्रेरित करता है कि हम अपने कार्यों में नवीन सोच जोड़ें, संबंधों में आत्मीयता बढ़ाएँ और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

आपका सहयोग ही समाज की वास्तविक शक्ति है।

आइए, इस बसंत हम

नई सोच को अपनाएँ, नए प्रयासों को प्रोत्साहित करें,
और समाज को आशा, सौहार्द और उन्नति की दिशा में आगे बढ़ाएँ।

सप्रेम वंदन

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।






## उमेश सोनी
**अध्यक्ष**

*बसंत की यही ताजगी जब गणतंत्र की चेतना से मिलती है, तो कर्त्तव्य, अधिकार और एकता की भावना हर हृदय में दृढ़ता से पलती है।*




Corp Office: Kolors India Private Limited, Mumbai - 053
Toll-free: 1800 221 470 | E: sales@kolorsworld.com | Follow us on :

**MAHESHWARI ELECTRICALS**
G-71-72, Agrasen Tower, Back Side of PNB Bank, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur -302039
M: +91 93524 79947

सादर जय श्री कृष्ण !!!

वर्ष 2025 का समापन और वर्ष 2026 का आरम्भ, समाज के स्तर पर विविध कार्यक्रम ले कर आया है। प्रस्तुत हैं कुछ झलकियां और जानकारी :

## समाज संरक्षक श्री रामदास राठी के नाम पर मार्ग अनावरण

नगर के हृदय में अंकित हुआ,
इतिहास का स्वर्णिम सार,
रामदास राठी मार्ग अनावरण,
बना सेवा संस्कार का द्वार।
स्मृतियों ने ओढ़ी उजली चादर,
मूल्यों ने पाया विस्तार,
समाज ने नमन किया उन चरणों को,
जिनसे रोशन हुआ विचार।

## माहेश्वरी महाकुंभ, जोधपुर

जोधपुर धरा पर माहेश्वरी महाकुंभ,
संस्कृति का उत्सव महान,
परंपरा, प्रगति और पुरुषार्थ,
संगम का अनुपम ज्ञान।
देश-विदेश से जुटा समाज,
एक सूत्र में बंधा परिवार,
संस्कारों की धारा बह चली,
उज्ज्वल भविष्य का आधार।

## होली स्नेह मिलन

आप से विनम्र आग्रह हैं कि मस्ती, धमाल, व्यंग, हँसी, ठिठोली, गीत, फाग और आनन्द के उत्सव-होली को और रंगबिरंगी बनाने के लिये के लिये शनिवार दिनांक 28 फरवरी को 'होली मिलन समारोह' के लिये अपना समय सुरक्षित रखे।

## साधारण सभा

साधारण सभा में गूँजी वाणी,
एकता का मधुर स्वर,
विचार-विमर्श से निखरा संकल्प,
अनुशासन बना अमर।
नीति, निष्ठा और पारदर्शिता,
हर निर्णय का आधार,
सहभागिता ने रचा विश्वास,
बढ़ा संगठन का आकार।

## संस्कारों की धारा बह चली, उज्ज्वल भविष्य का आधार

आमंत्रित हैं आप सभी सूर्यसप्तमी 2026 को अभिनन्दन में, जहाँ हम रविवार, दिनांक 25 जनवरी को अपने 101वें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनायेंगे और हमारे होनहारो को पुरस्कृत कर उन का उत्साहवर्धन करेंगे। तत्पश्चात आप की उपस्थिति रविवार, दिनांक 1 फरवरी को 'आनन्दम' के श्री गणेश स्थापना के कार्यक्रम में सादर प्रार्थनीय हैं।



सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)
महामंत्री

- सीए. रोहित ( माहेश्वरी ) परवाल

msjmahamantri@gmail.com

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

## आप सभी के सूचनार्थ

1. समाज में पंजीकृत परिवार के मुखिया के रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी से श्री माहेश्वरी समाज के अधिकृत ई-मेल (shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com) पर प्राप्त होने वाला कोई भी पत्राचार औपचारिक संचार माना जाएगा एवं उसे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संज्ञान में लिया जाएगा।
2. समाज की उन्नति एवं हित में प्राप्त होने वाले सुझावों में से उपयुक्त सुझावों को समाज की पत्रिका में, सुझावकर्ता के नाम सहित प्रकाशित किया जाएगा।
3. समाज कार्यालय में प्राप्त किसी भी पत्राचार अथवा प्रकरण का समुचित समयावधि में उत्तर दिया जाएगा तथा उसे अधिकतम 180 दिनों की अवधि में पूर्ण रूप से निष्पादित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उपरोक्त समस्त निर्णय हमारे सम्मानित समाजजनों से प्राप्त अमूल्य सुझावों के आधार पर लिए गए हैं।



**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यगण (सत्र 2025-28)

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री



# CAREWELL PHARMACY

Carewell PHARMACY

64, Milap Nagar, Near Govt. Jaipuriya Hospital
Tonk Road, Jaipur

For more Details:
Call Now
**Gopal Maheshwari**
**9351154242**



ON REGULAR MEDICINES
**20%** OFF

ON OTHER MEDICINES
**16%** OFF

RGHS APPROVED SHOP

# श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )



**स्नेहलता साबू**
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्



**ज्योति हुरकट**
सचिव
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्

जय श्रीकृष्ण,

बसंत ऋतु के आगमन पर जैसे पुराने पत्ते झर जाते हैं और नई कोपलें आशाओं से भरकर जीवन को फिर से हरा-भरा कर देती हैं, उसी तरह जीवन एवं संगठन में भी कुछ अनुभव हमें सिखाने के लिए पीछे छूट जाते हैं

और नई सोच, नया उत्साह व नए संकल्प हमारे साथ आगे बढ़ते हैं।

हम सभी कार्यकारिणी महिलाओं से यही कहना चाहते हैं कि आप सिर्फ टीम नहीं, बल्कि विचारों, परिश्रम और समर्पण की वह शक्ति हैं, जिससे संगठन निरंतर आगे बढ़ रहा है।

**हमारी परिषद् - हमारी शान**

आइए, इस बसंत में हम नकारात्मकता को पीछे छोड़ें, विश्वास और सहयोग को अपनाएँ, एक-दूसरे की ताकत बनें और मिलकर समाज के लिए नए आयाम रचें। आप सभी का स्नेहिल साथ, मेहनत और समर्पण ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है।

इसी विश्वास के साथ नए बसंत में नए सपनों को साकार करें।

**साथ चलेंगे, साथ बढ़ेंगे**
**नई ऊँचाइयों को छुएँगे।**

बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ।

# श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )



**सीए. अखिल भाला**
अध्यक्ष



**सीए. प्रवीण परवाल**
सचिव

## सांस्कृतिक धरोहर और खेल भावना का उत्सव

**प्रिय समाज बंधुओं एवं नवयुवक साथियों,**

श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर के सभी सदस्यों के लिए आगामी दिनों में भक्ति, राष्ट्रभक्ति के उत्साह की उमंग रहने वाली है।

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर हम विद्या की देवी माँ सरस्वती की आराधना करेंगे। यह उत्सव प्रकृति के नव-श्रृंगार और हमारे जीवन में नवीन ज्ञान के संचार का प्रतीक है। वहीं, गणतंत्र दिवस हमें अपने गौरवशाली संविधान और राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। यह दिन संकल्प लेने का है कि हम अपनी युवा शक्ति से समाज और देश की उन्नति में योगदान दें। समाज के उत्पति दिवस सूर्य सप्तमी के अवसर पर हम भगवान भास्कर की तरह तेजस्वी बनने और अनुशासन के साथ जीवन जीनें का संकल्प लेवें।

इसी कड़ी में, मण्डल द्वारा भक्ति भाव को प्रगाढ़ करने हेतु भव्य भजन संध्या 'श्याम रसधारा' का सफल आयोजन किया गया। युवाओं में टीम भावना और शारीरिक स्फूर्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बहुप्रतीक्षित 'माहेश्वरी बॉक्स क्रिकेट लीग-2026' का भी सफल आयोजन किया गया।

अंत में, सूर्य सप्तमी का पर्व हमें अनुशासन और आरोग्यता का मार्ग प्रशस्त करेगा।


LUXURY · WEDDINGS · LEISURE
An Escape to Luxury
Anantgarh
21 elegantly designed rooms
including 05 Plunge Pool Suites
16 Club Rooms
Grand Banquet & DJ Lounge for Corporate
and Social Gatherings
Outdoor Activities
Basketball
Cricket
ATVs
ATVs
Archery
6262616127 / 7340019741



# ऋतुराज बसंत

## सौंदर्य, चेतना और नवसृजन

सुन रे मनुज!
झूमता आया, यह ऋतुराज बसन्त।
नाच रहे सब हो आह्लादित,
हुआ शीत का अन्त।
बहे बसन्ती है पुरवाई, मन में उठे हिलोर।
रंग-बिरंगे फूल खिले हैं, महक उठी है भोर।

भारतीय ऋतुचक्र में बसंन्त का आगमन केवल एक मौसम का बदलना नहीं है बल्कि यह प्रकृति, मनुष्य और चेतना तीनों के नवजागरण का उत्सव है। शीत की जड़ता को विदा कर, ग्रीष्म की तीव्रता से पूर्व जो संतुलित, कोमल और जीवनदायी ऋतु आती है, वही बसन्त है। इसे 'ऋतुराज' अर्थात् ऋतुओं का राजा कहा है क्योंकि इसमें प्रकृति अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में प्रकट होती है। न अधिक ठंड, न अधिक गर्मी।

खेतों में फसलें लहलहाने लगती हैं, वृक्षों पर नई कोपलें आती हैं और वातावरण जीवन से भर उठता है। बसंत की सजी संवरी धरती को देखकर सूरज भी ठिठक जाता है। अपनी किरणों की आड़ से वह बार-बार झाँककर धरती को निहारता है, जैसे उसके सौंदर्य से मोहित होकर स्वयं को अलग नहीं कर पा रहा हो। हर नई कोंपल, हर खिला फूल उसे अपनी ओर बुलाता है और वह चुपचाप इस अनुपम दृश्य का साक्षी बना रहता है। कुछ इस तरह...

अम्बर से रवि ताक रहा महि, झूम रही नाचे हर डाली।
सूरज का करने शुभ स्वागत, गीत सुनाती कोयल काली।
गूँज करे भँवरा मधु गुंजन, मादक छाई है खुशहाली।
देख प्रसून खिले मनभावन, पूर्ण लगे ये जीवन आली।



बसंत आते ही प्रकृति मानो स्वयं का श्रृंगार करने लगती है। पलाश, सरसों, टेसू, आम की बौर और गुलाब सब मिलकर धरती को रंगीन ओढ़नी ओढ़ा देते हैं।

कोयल की कूक, भ्रमरों की गुनगुनाहट और मंद समीर वातावरण को संगीत से भर देते हैं। वृक्षों की शाखाओं पर हरियाली की कोमल पत्तियाँ मानो जीवन के पुनर्जन्म की घोषणा करती करते हुए विशिष्ट अतिथि बसंत का स्वागत कर रही हो।



स्वागत उत्सुक धरा सजी है, पीली चुनरी धार।
नव पल्लव नव कोंपल आई, सजी हुई हर क्यार।
मंद पवन से झूमे डाली, आए पुष्प पराग।
आम पेड़ छाई बौराई, कोयल गाए राग।

बसंत अपने साथ सौंदर्य, प्रेम, कला, विद्या, आशा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश लेकर आता है। साहित्य, कला और आराधना की अधिष्ठात्री माँ शारदे की आराधना का पर्व भी इस ऋतु में आता है। बसंत पंचमी के दिन ज्ञान, वाणी, संगीत और सृजन की देवी की उपासना यह संकेत देती है कि बसंत केवल भौतिक सौंदर्य नहीं, बौद्धिक और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रतीक है। लेखनी में प्रवाह, स्वर में माधुर्य और कला में नवीनता बसंत ऋतु ही भरती है।



आया पर्व बसन्त पंचमी,
पीत वसन श्रृंगार।
पीले चावल भोग लगाओ,
करिए मन्त्रोच्चार।

कवि के हृदय में बसंत ऋतु कल्पना को पंख देती है और भावनाओं को शब्दों में ढालने की प्रेरणा देती है। कालिदास से लेकर आधुनिक कवियों ने बसंत को प्रेम, उल्लास और सृजन की ऋतु माना है। कवि के लिए बसंत केवल बाहरी दृश्य नहीं, भीतर खिलते भावों की ऋतु है।

प्रकृति अपने प्रेमिल हृदय का खोलती हर राज,
जब आता ऋतुराज तो बजने लगते साज।

बसंत का प्रमुख रंग पीत है। पीत रंग ऊर्जा, आशा, ज्ञान और सकारात्मकता का प्रतीक है। सरसों के पीले खेत, बसंती वस्त्र और पीले पुष्प सब मिलकर उल्लास का वातावरण रचते हैं। पीत रंग सूर्य की आभा जैसा है, जो अंधकार को दूर कर प्रकाश का संचार करता है।

पीत रंग ऊर्जा बन आता।
गीत प्रीत का सुर है छाता।
पीली सरसों खेतों में नाचे।
आस उमंग की पाती बाँचे।
पीला सूरज नभ में दमके।
नव चेतना उर मे खनके।

बसंत ऋतुराज इसलिए भी है क्योंकि यह आशा की ऋतु है। सूखी टहनियों पर नई कोंपलें यह विश्वास दिलाती हैं कि कठिन समय के बाद

नवजीवन संभव है। यह ऋतु मनुष्य को सिखाती है कि निराशा के बाद भी पुनर्जागरण होता है। यह केवल भौतिक परिवर्तन नहीं, आध्यात्मिक जागरण का भी संकेत है। यह आत्मा में नई चेतना, विचारों में नवीनता और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टि का संचार करता है।



बसंत ऋतु विद्यार्थी जीवन में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन लेकर आती है। यह समय एक शैक्षणिक सत्र के समापन और नए सत्र के प्रारंभ का होता है जिससे विद्यार्थियों में नई जिम्मेदारियाँ, नए विषय और नए लक्ष्य जुड़ जाते हैं। यह परिवर्तन उनके भीतर आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा भरता है। इस समय समाज में कला, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी अधिक सक्रिय हो जाती हैं। समाज में रचनात्मकता का प्रसार होता है और सांस्कृतिक चेतना सशक्त होती है।

बसंत लोकजीवन में भी उल्लास लेकर आता है। बसंत गीत, फाग, होली की तैयारी और ग्रामीण मेलों में इस ऋतु का आनंद झलकता है।

परिवर्तन जग का नियम,
बड़ी गहन है बात।
रात तमस के बाद भी,
होता नवल प्रभात।



भारतीय दर्शन में बसंत को शिव और शक्ति के मिलन की ऋतु भी माना गया है। यह प्रकृति और पुरुष, चेतना और ऊर्जा के समन्वय का प्रतीक है। सृजन तभी संभव है जब दोनों का संतुलित मिलन हो। बसंत इसी सृजन का उत्सव है।

इस ऋतु में अनेक परिवारों में परिणय-सूत्र में बंधकर युवा दंपत्ति नए पारिवारिक जीवन की शुरुआत करते हैं।



जैसे धरा नव पल्लवित होती है, वैसे ही विवाह के संस्कारों से दो जीवन परस्पर समझ, सहयोग और प्रेम के नव प्ररोह से अपने गृहस्थ जीवन को समृद्ध करते हैं।

ऋतुराज बसंत सौंदर्य, संतुलन, सृजन और चेतना का समन्वित स्वरूप है। यह प्रकृति के माध्यम से मनुष्य को जीवन का गहरा दर्शन सिखाता है। हर शीत के बाद बसंत आता है, हर जड़ता के बाद नवजीवन संभव है।

जब झर जाते पीत पर्ण तो, नव कोंपल उग आती है।
घोर निराशा के तम में भी, आस ज्योत जग जाती है।

यही कारण है कि बसंत केवल एक ऋतु नहीं, एक अनुभूति, एक उत्सव और जीवन की आशा है।



– शशि लाहोटी



# लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक
# गणतंत्र दिवस

भारत में 26 जनवरी को मनाया जाने वाला गणतंत्र दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व ही नहीं है, बल्कि यह हमारे देश के गौरव, स्वाभिमान और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है।

इसी दिन देश में संविधान लागू हुआ था।

भारत एक 'स्वतंत्र राष्ट्र' से आगे बढ़कर एक 'संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य' बना।

इसका अर्थ है कि भारत का अपना कानून है और अब हम किसी बाहरी शक्ति के अधीन नहीं हैं। 1930 में इसी दिन ( 26 जनवरी ) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ब्रिटिश शासन से 'पूर्ण स्वराज' ( पूरी आजादी ) की घोषणा की थी। उस ऐतिहासिक दिन के महत्व को बनाए रखने के लिए ही 26 जनवरी को संविधान लागू करने के लिए चुना गया। आज यह लोकतंत्र की शक्ति का प्रतीक है।

गणतंत्र (Republic) का अर्थ है कि देश का प्रमुख ( राष्ट्रपति ) वंशानुगत नहीं होगा, बल्कि जनता द्वारा ( अप्रत्यक्ष रूप से ) चुना जाएगा। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सत्ता की असली ताकत जनता के हाथ में है। इस अवसर पर देश में विविधता में एकता का उदाहरण देखने को मिलता है।

नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ ( राजपथ ) पर होने वाली परेड भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन है। यह विभिन्न राज्यों की झांकियों के माध्यम से देश को एक सूत्र में पिरोने का काम करता है।

देश का संविधान ने केवल हमें अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों का बोध करवाता है बल्कि यह हमें मौलिक अधिकार भी देता है, जो हर नागरिक की स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हैं। दो वर्ष ग्यारह महीने और अट्ठारह दिनों में बना भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है , जिसका पालन करना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

अतः हमारा सबसे पहला कर्त्तव्य है कि हम संविधान का पालन करें। इसके आदर्शों, संस्थाओं ( जैसे न्यायपालिका, संसद ), राष्ट्रध्वज ( तिरंगा ) और राष्ट्रगान का हृदय से सम्मान करें।



– प्रीति फलोड़



# परीक्षा काल, एकाग्रता, मानसिक विकास और बसंत ऋतु

भारतीय ऋतुचक्र में बसंत ऋतु को नवचेतना, उल्लास और सृजनशीलता की ऋतु माना गया है। यही समय प्राय: विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का भी होता है। प्रकृति का यह सौम्य और संतुलित वातावरण न केवल शरीर को ऊर्जा देता है, बल्कि मन को भी एकाग्रता और सकारात्मकता से भर देता है। इस दृष्टि से बसंत ऋतु परीक्षा काल में मानसिक विकास और अध्ययन के लिए अत्यंत अनुकूल मानी जा सकती है।

बसंत ऋतु में न अधिक सर्दी होती है और न ही तीव्र गर्मी। यह संतुलन शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक होता है, जिससे विद्यार्थी थकान और आलस्य से बचे रहते हैं। स्वस्थ शरीर ही एकाग्र मन का आधार होता है। इस मौसम में दिन का उजाला स्पष्ट और वातावरण स्वच्छ रहता है, जो पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करता है।

मानसिक दृष्टि से भी बसंत ऋतु का प्रभाव सकारात्मक होता है। चारों ओर खिलते फूल, हरियाली और मधुर वातावरण मन को प्रसन्न रखते हैं। प्रसन्न मन में तनाव और भय स्वत: ही कम हो जाता है, जो परीक्षा के समय अत्यंत आवश्यक है। जब तनाव कम होता है, तब स्मरण शक्ति बढ़ती है और विषयों को समझने की क्षमता भी विकसित होती है।

परीक्षा काल में एकाग्रता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होती है। बसंत ऋतु में प्राणवायु शुद्ध और ऊर्जा से भरपूर होती है, जिससे ध्यान केंद्रित करने में सहायता मिलती है। इस समय योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करने से मन स्थिर रहता है और अध्ययन में निरंतरता बनी रहती है। विशेष रूप से प्रात:काल का समय, जब वातावरण शांत और ताजगी से भरा होता है, अध्ययन के लिए सर्वोत्तम माना गया है।

मानसिक विकास की दृष्टि से भी यह काल महत्वपूर्ण है। परीक्षा केवल ज्ञान की जाँच नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन और आत्मविश्वास की भी परीक्षा होती है। बसंत ऋतु का संदेश ही यही है कि निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच से जीवन में नई सफलताएँ खिलती हैं, जैसे वृक्षों पर नई कोपलें फूटती हैं।

अत: कहा जा सकता है कि बसंत ऋतु और परीक्षा काल का सुंदर संयोग विद्यार्थियों के लिए एक अवसर है। यदि विद्यार्थी इस ऋतु की सकारात्मक ऊर्जा का सही उपयोग करें, संतुलित दिनचर्या अपनाएँ और मन को शांत व एकाग्र रखें, तो न केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त होती है, बल्कि उनका मानसिक और बौद्धिक विकास भी सुदृढ़ होता है। यही बसंत ऋतु का वास्तविक संदेश है- नवचेतना, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होना।

■ विजय सारड़ा

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि

सरल सा व्यक्तित्व था, समाज की वो शान
सेवा, संस्कार, सादगी, यही उनकी अनुपम पहचान
शोक संतप्त हुआ संपूर्ण माहेश्वरी समाज
हर नेत्र गमगीन हुए, हर हृदय में व्यथा का भान।



## स्व. श्री विमल किशोर सारड़ा

उपाध्यक्ष ( वित्त )
'अभिनन्दन' श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन
निवर्तमान संगठन मंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

श्री माहेश्वरी समाज के होनहार, ऊर्जावान, एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित **स्व. श्री विमल जी सारड़ा** का हाल ही में आकस्मिक निधन हो गया।

विमल जी न केवल समाज के सक्रिय कार्यकर्ता थे, बल्कि एक अत्यंत विनम्र, मृदुभाषी, और हर दिल अजीज व्यक्तित्व के धनी थे। उनके नेतृत्व में समाज ने अनेक रचनात्मक और सामाजिक कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया। ऊर्जा से भरपूर व्यक्तित्व और सकारात्मक सोच समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत रही। उनका असामयिक निधन श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए अपूर्णीय क्षति है। समाज ने एक समर्पित सेवक, एक सच्चा मित्र और एक उज्ज्वल भविष्य की आशा को खो दिया है। उनकी कमी को शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है।

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता है एवं शोक संतप्त परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता है। हम सब मिलकर दिवंगत आत्मा को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

।। ॐ शांति ।।

| उमेश सोनी | सीए. रोहित परवाल |
|---|---|
| अध्यक्ष | महामंत्री |

एवं समस्त कार्यकारिणी (सत्र 2025-28)

IIHMR UNIVERSITY

# Admission Open 2026

## Two-year full-time Programs

- MBA (Hospital and Health Management)
- MBA (Pharmaceutical Management)
- MBA (Healthcare Analytics)
- MBA (Development Management)
- Master of Public Health
- Master of Public Health
  Offered by Johns Hopkins Bloomberg School of Public Health, USA
  in cooperation with IIHMR University, Jaipur, India

## Executive Programs

- Executive MPH
- Executive MHA
- Executive MBA (CSR & ESG Management)

## PhD Programs

Full-time and part-time in
Hospital Management, Health Management,
Public Health, Pharmaceutical Management,
Healthcare Analytics, Development Management

**40+ Years**

Legacy in Health Management Research

**#1**

Ranking from Education World

For Admission Scan this QR Code

APPLY NOW




+91-9358893199, +91-9358821088

admissions@iihmr.edu.in www.iihmr.edu.in




## श्री सोमनाथ

गुजरात प्रभास क्षेत्र, समुद्र के समीप स्थित है। चंद्र देव के श्राप से मुक्ति के लिए स्थापित, आस्था और पुनर्निर्माण का प्रतीक है।

## श्री मल्लिकार्जुन

आंध्र प्रदेश के श्रीशैल पर्वत पर स्थित है। भगवान शिव और माता पार्वती का संयुक्त स्वरूप है। प्रेम और करुणा का प्रतीक स्थल है।

## श्री महाकालेश्वर

उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट पर स्थित है। यह एकमात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग है। काल के भी काल महाकाल के रूप में पूज्य है।

## श्री ओंकारेश्वर

नर्मदा नदी के मध्य ओंकार पर्वत पर स्थित है। यहाँ शिव और शक्ति का अद्भुत संगम है। ओंकारेश्वर और ममलेश्वर दोनों ज्योतिर्लिंग का विशेष महत्व है।

## श्री केदारनाथ

पवित्र पुण्यभूमि, हिमालय की गोद में स्थित है। महाभारत काल में पांडवों ने भगवान शिव के दर्शन कर अपने पापों से मुक्ति पाई। यहाँ कठिन तपस्या से आत्मिक शांति प्राप्त होती है।

## श्री भीमाशंकर

महाराष्ट्र की सह्याद्रि पर्वत श्रृंखला में स्थित है। भीमासुर का वध कर भगवान शिव ने यहाँ निवास किया। यह स्थान प्रकृति और आध्यात्म का सुंदर संगम है।

## श्री काशी विश्वनाथ/विश्वेश्वर

काशी (वाराणसी) में स्थित है। यहाँ मृत्यु मोक्ष का द्वार मानी जाती है। यह ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की भूमि है।

## श्री त्र्यंबकेश्वर

त्र्यंबकेश्वर क्षेत्र में स्थित गोदावरी नदी का उद्गम स्थल है। यहाँ त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश की उपासना होती है। कालसर्प दोष निवारण के लिए प्रसिद्ध है।

## श्री वैद्यनाथ

यह शिवलिंग अपनी शक्ति और तप के कारण विख्यात है। रावण ने भगवान शिव को प्रसन्न कर अमरत्व का वरदान माँगा था। भगवान शिव ने लिंग रूप में साथ चलने की शर्त रखी। यहाँ शिवलिंग की पूजा से रोगों से मुक्ति मिलती है।

## श्री नागेश्वर

गुजरात राज्य में स्थित प्राचीन ज्योतिर्लिंग है। यहाँ दर्शन से भय और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है। श्रद्धा और विश्वास का प्रमुख केंद्र है।

## श्री रामेश्वरम

तमिलनाडु में स्थित है। भगवान श्रीराम द्वारा लंका विजय से पूर्व स्थापित है। शिव और राम भक्ति का पावन संगम है। हिंदुओं के चार धामों में यह एक मुख्य धाम माना जाता है।

## श्री घृष्णेश्वर

महाराष्ट्र में स्थित अंतिम ज्योतिर्लिंग है। घुश्मा की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हुए। सच्ची श्रद्धा का अद्भुत उदाहरण है।

माहेश्वरी समाज पत्रिका टीम के सौजन्य से

## ऋतु और राष्ट्र

पीली धूप ने ओढ़ी जब धरती की मुस्कान,
ऋतुराज बसंत ने जगाया नव प्राण।
सरसों के खेतों में लहराया उल्लास,
मन के आँगन में भर गया विश्वास।

वीणा के स्वर में सरस्वती का वास,
शब्दों में सजने लगा नव इतिहास।
इसी मधुर ऋतु में आया वह पावन दिन,
जिसने राष्ट्र को दिया आत्मसम्मान का चिन्ह।

छब्बीस जनवरी ने रचा स्वर्णिम विधान,
संविधान से मिला जन-जन को सम्मान।
समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व का संदेश,
एक सूत्र में बंध गया पूरा देश।

बसंत सिखाए नव सृजन की राह,
गणतंत्र सिखाए कर्त्तव्यों की चाह।



ऋतु और राष्ट्र
जब मिलकर गाएँ गीत,
भारत का भविष्य बने
सुदृढ़, समृद्ध प्रीत।

भारती खटोड़

## वासंती राग

मां शारदा ने जन्म लिया है।
मंगल छाया, बसंत आया।।

ऋतु बदली, वासंती अम्बर।
मन बौराया, बसंत आया।।

कोयल कूकी, मयूरा नाचें।
आनंद छाया, बसंत आया।।

खिले नवपल्लव, हुई हरियाली।
खुशियां लाया, बसंत आया।।

पपीहा गाए, सरसों फूली।
आम बौराया, बसंत आया।।

मौसम महका, छेड़ी रागिनी।
संगीत छाया, बसंत आया।।

तितलियां उड़ती,
दिशाएं महकी।
ऋतुराज है छाया,
बसंत आया।।



- सविता बांगड़



भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब घुटना प्रत्यारोपण कराये
AI (Artificial Intelligence) & AR (Augmented Reality) तकनीक द्वारा
Robotic AI और AR तकनीक के फायदे
रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी
सबसे उन्नत और सटीक
जटिलताओं का जोखिम कम
बेहतर परिणाम
पहले से और भी सुरक्षित
MISSO
Planner
Robotic
Arm
PARTANI CLINIC
डॉ. अरुण परतानी
एडिशनल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट
16 वर्षो का सफल अनुभव
DENTAL IMPLANTS
not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!
डॉ. भारती परतानी
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
15 वर्षो का सफल अनुभव
Quality Dental Care
☑ Dental Implants
☑ Teeth Whitening
☑ Root Canal
☑ Composite Filings
☑ Ceramic or
☑ Porclain Crowns
☑ And Many More......
किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइयग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।
175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015
For Queries 9783788887, 8742067974, 9887302501



# भारत का गणतंत्र
## कल, आज और कल

15 अगस्त 1947, भारत की आजादी के साथ ही राष्ट्र के नव निर्माण हेतु भारतीय संविधान के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होकर 26 जनवरी, 1950 को महामना डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेकर राष्ट्रीय ध्वज फहराया, इस ऐतिहासिक शुरुआत से भारत का संविधान प्रभावी हुआ, जिससे भारत एक पूर्ण गणराज्य बना।

राम राज्य की लक्षित परिकल्पना के लिए केंद्रित दृष्टिकोण के साथ भारत के संविधान निर्माण की प्रक्रिया 1946 में गठित संविधान सभा द्वारा 2 साल, 11 महीने और 18 दिनों में पूरी हुई। इस प्रक्रिया में डॉ. राजेंद्र प्रसाद अध्यक्ष, डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रारूप समिति के अध्यक्ष और बी.एन. राव प्रमुख सलाहकार सहित बहुत से विशेषज्ञों ने विश्व के विभिन्न संविधानों से प्रेरणा लेकर भारतीय संविधान का निर्माण किया। इस प्रक्रिया में कई समितियों और बहसों के बाद 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाकर, 26 जनवरी 1950 को लागू कर देश को पूर्ण गणतांत्रिक राष्ट्र घोषित किया।

निर्विवादत : राष्ट्र निर्माण की तत्कालीन परिस्थितियों में स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण हित संविधान की रूपरेखा तय करते समय बड़ी चुनौतियों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्तर उत्थान, वंचित, शोषित एवं सामाजिक व्यवस्थाओं से दूर, जंगल में एकाकी जीवन यापन करने वाले कबीलाई, घुमंतू जनजातियों के जीवन स्तर को सुधारने, शिक्षा रोजगार, राजनीति में समान अधिकार उपलब्ध करवाने, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, छुआछूत निवारण, शहरी एवं ग्रामीण रोजगार, कृषि उत्पादन, पशुपालन, श्रम का मूल्य निर्धारण, मौलिक अधिकार, न्याय, स्त्री शिक्षा के लक्ष्य पहुंच की चुनौती के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा, वैश्विक एवं विदेश नीतियों के निर्धारण हित राष्ट्र की संप्रभुता एवं स्वस्थ लोकतंत्र निर्माण लक्ष्यों के साथ भारतीय संविधान का समवेत सम भाव निष्पक्ष स्वरूप 26 जनवरी 1950 से लागू होकर, समयोचित संशोधनों के साथ आज का स्वस्थ गणतांत्रिक भारत विश्व में अपना शीर्ष स्थान रखता है।

भले ही 'कल' के भारत में आजादी के साथ प्राप्त बंटवारे के दुष्प्रभाव से उत्पन्न भौगोलिक समस्याए, आर्थिक अभाव, तत्कालीन रियासतों के विलय, नए राज्यों का निर्माण, विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों, नदियों, रोजगार के लिए कल कारखानों में उत्पादकता की महत्ता के साथ नवनिर्मित राज्यों में स्वहित स्वामित्व की टकराहट, तकनीक की अनुपलब्धता, अकुशल श्रम के साथ शिक्षा एवं संसाधनों के अभाव मिले थे लेकिन हमारे पुरोधाओं द्वारा रामराज्य की केन्द्रित परिकल्पना के साथ राज्यों के मध्य निर्विवाद सीमा निर्धारण कर मजबूत गणतंत्र की नींव रखी गई जिससे एक स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था का निर्माण हुआ।

समृद्ध राष्ट्र निर्माण हित दूरगामी उन्नत सोच के लिए समर्पित संविधान निर्माण सभा के माननीयों सहित भारतीय गणतंत्र में निष्पक्ष, समवेत सम भाव न्यायपालिका, जवाबदेह विधायिका, कर्त्तव्य निष्ट कार्यपालिका के साथ सत्यनिष्ठ मीडिया की जवाबदेह भूमिका से प्रत्येक नागरिक सांसद, विधायक, स्थानीय निकाय के रूप में प्रतिनिधि चुन सकते हैं।

वसुधैव कुटुंबकम युक्त आज का भारत, श्रेष्ठ पारदर्शी संविधान निर्माण के साथ विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जो अपनी विविधता, प्रगतिशीलता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए जाना जाता है। हमारे संविधान में समानता के अधिकार को प्रमुखता से संजोया गया है जिससे गांव शहर, अमीर गरीब, स्त्री पुरुष सबको बराबर का अधिकार प्राप्त है स हमारा संविधान कानून और व्यवस्था का मजबूत आधार है, जो न्याय और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है।

आज के नए भारत में '**सबका साथ, सबका विकास**' की भावना भविष्य के भारत की दिशा तय करती है, जहाँ हर नागरिक प्रगति में भागीदार हो वहीं भविष्य के भारत का लक्ष्य सशक्तिकरण, न्याय और सतत् विकास के साथ वैश्विक मंच पर अपनी पहचान को और मजबूत करना है, जो युवा शक्ति और तकनीकी प्रगति से प्रेरित है।

आज का डिजिटल भारत, सतत आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय, वैश्विक शांति में योगदान प्रयास के साथ रचनात्मक युवा ऊर्जा से नए अवसर तलाश कर अतुल्य भारत के नवनिर्माण हित प्रतिबद्ध है वहीं कल के लक्ष्यों में आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति, सामाजिक सुधारों के साथ गरीबी उन्मूलन, सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, नव तकनीक के साथ मजबूत लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखना शामिल है, जिससे ही आज का भारत एक समावेशी, समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनने की ओर अनवरत अग्रसर है, जिसमें युवाओं और जागरूक नागरिकता की महत्वपूर्ण भूमिका से भविष्य की संरचित आशाजनक संभावनाओ से :-

रोटी रोजगार संग लक्षित, होली दिवाली तीज त्यौहार
प्रकाश उत्सव, झिलमिल क्रिसमस, ईदी मिले प्रतिदिन परिवार
हर घर रोटी रोजगार संग, त्वरित न्याय मौलिक अधिकार
समवेती सम भाव समर्पित, गणतंत्र के रचनाकार
बहुत-बहुत आभार पुरोधा, बहुत-बहुत आभार

आपसे ही विश्व मानचित्र पर पूर्ण विकसित नए भारत की परिकल्पना साकार सिद्ध हो रही है।

संक्षेप में जो भारत 'कल' एक सपना था, 'आज' एक हकीकत है और 'कल' एक उज्ज्वल भविष्य की दिशा में निरंतर बढ़ता कदम है, जो निष्पक्ष पारदर्शी संविधान और जनता की स्वस्थ लोकतांत्रिक शक्ति के साथ विविधता में एकता और प्रगति के पथ पर अनवरत अग्रसर है।



जयहिंद!

बाल कृष्ण जाजू 'बालक'




## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### जनोपयोगी भवन

# "अभिनन्दन"

कृष्णा सागर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी रोड

वी.टी. रोड के सामने, मानसरोवर, जयपुर-302020

सम्पर्क : फोन : 0141-2980659, मो.: 7414038883

Location (GPS) : 26.84000, 75.75102

**चैक इन टाइम : 12 PM • चैक आउट टाइम : 9 AM**

### अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न

- 70 वातानुकूलित कमरे (8 डॉरमेट्री सहित+ 2 पूजा रूम सहित)
- भव्य वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल (105'x 78'-डबल हाइट)
- सुसज्जित वातानुकूलित डायनिंग हॉल एवं मंडप एरिया (ग्राउंड फ्लोर पर)
- 2 मिनी बैंक्वेट हॉल, 2 डायनिंग हॉल
- 4 किचन, 2 पैसेंजर व 1 लगेज लिफ्ट
- प्रत्येक कमरे में मिनि फ्रिज एवं टी-कैटल सुविधा
- डबल बैसमेंट सहित वैलेट पार्किंग सुविधा
- सम्पूर्ण भवन wi-fi & CCTV सुविधायुक्त
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लॉकर व इंटरकॉम सुविधा
- 24 hrs Room Services, Receptionist & House Keeping Staff, Security Guard, Electricity Backup Facility Available.

| | |
|---|---|
| ग्राउण्ड फ्लोर (Unit-I) | : डायनिंग हॉल, लॉन व किचन |
| द्वितीय तल (Unit-II) | : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित) |
| चतुर्थ तल (Unit-V) | : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनी हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन |
| प्रथम तल (Unit-II) | : मुख्य बैंक्वेट हॉल (डबल हाइट) |
| तृतीय तल (Unit-IV) | : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनि हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन |
| पंचम तल (Unit-VI) | : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित) |

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**सीए. रोहित माहेश्वरी ( परवाल )**
महामंत्री
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### संचालन समिति ( सत्र 2025-28 )

**रमेश सोमानी**
चेयरमैन

**राधामोहन तोतला**
वाईस चेयरमैन ( संचालन )

**राजेश कुमार सोढ़ानी**
सचिव

**विनेश कुमार मालपानी**
सह सचिव

**सुरेन्द्र कुमार मांधना**
भवन मंत्री

**सीए. दिनेश कुमार भट्टड़**
कोषाध्यक्ष

सदस्यगण : गिरिराज प्रसाद कालानी, पवन कुमार आगीवाल, रामअवतार तोषनीवाल, सूर्यप्रकाश गगरानी



# बसंत ऋतु :
## प्रेम और मधुरता का पर्व

भारतीय संस्कृति में ऋतुओं का विशेष महत्व है। इन्हीं ऋतुओं में बसंत ऋतु को 'ऋतुराज' कहा गया है। यह ऋतु केवल मौसम का परिवर्तन नहीं, बल्कि जीवन में उल्लास, आशा, प्रेम और नई शुरुआत का प्रतीक है। बसंत का आगमन जैसे प्रकृति के साथ-साथ मनुष्य के हृदय में भी नवजीवन का संचार कर देता है।

### बसंत पंचमी

बसंत ऋतु की औपचारिक शुरुआत बसंत पंचमी से मानी जाती है। यह पर्व प्रायः माघ शुक्ल पंचमी को मनाया जाता है, जो जनवरी-फरवरी के मध्य आता है। इस दिन माँ सरस्वती की पूजा की जाती है, जो विद्या, बुद्धि, कला और विवेक की देवी हैं।

पीले वस्त्र धारण करना, पीले पुष्प अर्पित करना और पीले व्यंजन बनाना इस दिन की विशेष परंपरा है।

बसंत ऋतु शीत ऋतु के अंत और ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत के बीच की ऋतु है। आमतौर पर यह फरवरी से मार्च तक रहती है।

इस समय ठंड विदा लेने लगती है, मौसम सुहावना होता है, खेतों में सरसों लहलहाने लगती है, पेड़ों पर नई कोपलें आती हैं और वातावरण में मधुरता भर जाती है।

### प्रकृति में बसंत का सौंदर्य

बसंत आते ही पूरी प्रकृति जैसे मुस्कुराने लगती है।

खेतों में फसलें पककर तैयार होती हैं, वातावरण में ताजगी और खुशबू फैल जाती है। यह सब मिलकर जीवन को उत्सवमय बना देता है।

बसंत ऋतु का प्रभाव केवल प्रकृति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर डालती है।

इस समय मन प्रसन्न रहता है, आलस्य कम होता है और नए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। यही कारण है कि बसंत को नई शुरुआत का समय माना गया है, चाहे वह शिक्षा हो, कला हो या जीवन के निर्णय।

### बसंत : प्रेम और मधुरता का संदेश

आज के समय में रिश्तों में अक्सर तनाव, अहंकार और संवाद की कमी देखने को मिलती है। बसंत हमें सिखाता है कि

पुरानी कड़वाहट को छोड़कर नई शुरुआत करें, रिश्तों में संवाद और समझ बढ़ाएँ, छोटी-छोटी बातों में खुशियाँ ढूँढें प्रेम, सम्मान और सहनशीलता को अपनाएँ

बसंत ऋतु हमें केवल देखने-सुनने का नहीं, बल्कि जीने का संदेश देती है।

माहेश्वरी समाज सदैव संस्कार, संगठन और सेवा के मूल्यों पर आधारित रहा है। बसंत पंचमी हमें यह अवसर देती है कि हम समाज में शिक्षा और संस्कार को बढ़ावा दें।

युवा पीढ़ी को सकारात्मक सोच से जोड़ें। आपसी मतभेद भुलाकर एकता को मजबूत करें।

बसंत ऋतु हमें सिखाती है कि जीवन में हर शीत ऋतु के बाद बसंत अवश्य आता है। कठिनाइयाँ स्थायी नहीं होतीं।

यदि हम प्रकृति से सीख लें तो हमारा जीवन, हमारे रिश्ते और हमारा समाज भी हरित, मधुर और सशक्त बन सकता है।



■ सुनीता मूंधड़ा

बसंत केवल मौसम नहीं, यह जीवन को मुस्कुराने की कला सिखाने वाली ऋतु है।

### प्रकृति का उल्लास

वृक्षों की डाली पर बैठी
कोयल स्वागत गीत सुनाती
मस्त पवन के झोंके खाकर
वृक्षों की डाली लहराती
बसंती अब हुई धरा ये
मादकता का समय है आया
साथी रे ऋतुराज बसंत आया।

गेहूं सरसों चना मटर के
लहराते हैं खेत मनोहर
खिले धरा चहुँ ओर धरा पर
पुष्प सुगंध अनुपम सुंदर
पतझड़ सारा दूर हटाकर
मनभावन हरियाली लाया
साथी रे ऋतुराज बसंत आया।

देख प्रकृति का रूप निराला
हृदय उमंगों से भर आया
नाच-रंग गाजे बाजे से
जन-जन उल्लासित हो आया
आओ अबीर-गुलाल लगाओ
होली का त्योहार है आया
साथी रे ऋतुराज बसंत आया।

कृष्णचंद्र टवाणी





# नवगठित कार्यकारिणी (सत्र 2025-28) द्वारा प्रथम साधारण सभा सफलतापूर्वक संपन्न

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की नवगठित कार्यकारिणी ( सत्र 2025-28 ) द्वारा विधानानुसार दिसंबर 2025 में प्रथम आम सभा का आयोजन सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सभा का शुभारंभ समाज उपाध्यक्ष श्री कमलकिशोर साबू के स्वागत भाषण से हुआ। तत्पश्चात् महामंत्री सीए. रोहित परवाल ने समाज, महिला परिषद् एवं नवयुवक मण्डल द्वारा अब तक किये गए आयोजन एवं विकास कार्यों की समाज आगन्तुकों को निम्नानुसार संक्षिप्त जानकारी दी।

ऐतिहासिक गोठ एवं महेश मेले का सफल आयोजन, दिवाली क्विज, दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव में प्रथम बार गिरिराजधरण की मनमोहक झांकी, मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन जिसमें 775 टेस्ट नि:शुल्क किये गये, 500 से अधिक लोगों ने नि:शुल्क जांच करवाई गई, गोल्ड कार्ड सुविधा का विस्तार, वेबसाइट/मोबाइल ऐप निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी, वृद्धाश्रम में हेप्पी होम, एमजीपीएस में सह-शैक्षणिक विद्यालय बनाने की दिशा में कदम, प्री-प्राइमेरी स्कूल, निर्माण नगर की प्रगति के बारे में जानकारी प्रस्तुत की।

महिला परिषद् द्वारा करवाचौथ पर 'चन्द्र दर्शन' कार्यक्रम का आयोजन, यूथ टॉक शो एवं फूड फेस्टिवल, विन्टर कार्निवल आदि के बारे में जानकारी। नवयुवक मण्डल द्वारा स्टार्टअप टॉक शॉ, ब्लड डोनेशन कैम्प, महेश मेला, डांडिया महोत्सव, श्याम भजन संध्या एवं एमबीसीएल के आयोजन के बारे में जानकारी प्रदान की गई। आम सभा में पधारे हुए समाजबन्धुओं से समाज उत्थान के लिए उनके अमूल्य सुझाव एवं संबंधित सवाल आमंत्रित किये गये। इसके लिए सभा स्थल पर सुझाव पेटी की भी व्यवस्था की गई। जो बन्धुवर अपने सुझाव सभा को संबोधित करते हुए देना चाहते थे उन्हें क्रमश: अवसर प्रदान किया गया। सभा स्थल पर समाजबंधुओं द्वारा दिये गये मुख्य सुझाव निम्नानुसार है, इसमें एक सुझाव एक बार ही अंकित किया गया है :-



समाज में त्रैवार्षिक चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात् सभी को एक मत से कार्य करना चाहिए।

**श्री राजेश कुमार सारड़ा, जोन-6**



- समाज के अन्तर्गत प्रत्येक आयोजन में तीनों संस्थाओं के कार्यकारिणी की 100 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य होनी चाहिए।
- समाज हित के प्राप्त सुझावों को मासिक पत्रिका में प्रकाशित किया जाना चाहिए।

**श्री शिवरतन मोहता, जोन-5**



- जो माहेश्वरी बन्धु श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर में पंजीकृत नहीं उन्हें भी समाज में पंजिकृत सदस्यों के समकक्ष ही समाज संस्थानों में छूट मिलनी चाहिए।
- माहेश्वरी महासभा एवं जयपुर जिला माहेश्वरी महासभा को भी समाज के साथ कार्य करने का अवसर मिलना चाहिए।

**श्री जुगलकिशोर सोमानी, जोन-3**



- मासिक पत्रिका को समय पर एवं प्रत्येक समाजबंन्धु तक पहुँचाने की व्यवस्था।
- सेवानिवृत्त समाजबन्धुओं को समाज में सेवा देने का अवसर प्रदान करना चाहिए।
- प्रत्येक आयोजन का लेखा-जोखा समाज की पत्रिका में प्रकाशित करना चाहिए।
- समाज में अनावश्यक खरीद से बचना चाहिए।

**श्री एल.डी. बजाज, जोन-5**



- समाज के अंतर्गत संचालित संस्थाओं पर एक समान बोर्ड जिसमें 'श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर का उपक्रम' लिखा हो, लगाना चाहिए।
- पत्रिका में पाठक प्रतिक्रिया भी दी जानी चाहिए।

**श्री सुरेन्द्र बजाज, जोन-2**



वर्ष 2022 में जो भूमि दान स्वरूप समाज को भेंट की है उसे भी संज्ञान में लेकर शिघ्र ही निवारण किया जाना चाहिए।

**श्री सत्यनारायण हिंगड़, जोन-6**



सामाजिक विकास में नई पीढ़ी की भागीदारी सुनिश्चित हो, विचार-विमर्श के लिए मंच का गठन होना चाहिए।

**श्री अशोक कुमार नुवाल, जोन-5**



- कार्यकारिणी के ऊपर भी एक समिति होनी चाहिए।
- न्यायालय में विचारधीन मामलों पर चर्चा।

**श्री सुरेन्द्र शारदा, जोन-6**



- समाज में यूनिर्वसीटी की स्थापना होनी चाहिए।
- प्रोफेशनल कोर्स, उच्च शिक्षा सहायता एवं मेडिकल बीमा समाज द्वारा उपलब्ध करवाना चाहिए।
- 60 वर्ष से अधिक आयु वाले समाज बन्धु को आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए।
- रोजगार के लिए उचित प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाना।
- सेवानिवृत समाज बन्धुओं को मुख्य धारा में जोड़ा जाना चाहिए।

**डॉ. रमेश राठी, जोन-4**



दानदाताओं में श्रेणीवार साधारण दानदाताओं को भी स्थान मिलना चाहिए, उनकी अनदेखी समाज के लिए ठीक नहीं।

**श्री पवन आगीवाल, जोन-6**



- ✦ कृष्णधाम वृद्धाश्रम में निवासरत बन्धुओं को आश्रम से बाहर जाने के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।
- ✦ वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए रोचक एवं धार्मिक आयोजन होने चाहिए।

**श्री सत्यनारायण सारड़ा, जोन-2**



- ✦ समाज के संस्थानों पर पहुंचने के लिए दिशा-निर्देश हेतु जगह-जगह पर सांकेतिक बोर्ड लगाने चाहिए।

**श्री ललित राठी, जोन-6**



- ✦ एक पौराणिक कथा के हवाले से महोदय ने बताया कि समाजबंधु आत्मसम्मान हेतु कई बार अपनी आर्थिक स्थिति साझा नहीं कर पाते। समाज द्वारा स्वसंज्ञान लेकर आर्थिक एवं रोजगार संबंधित मदद प्रदान करनी चाहिए।
- ✦ समाज बंधुओं द्वारा शिक्षा में छूट प्राप्त करने के लिए उनकी न्यूनतम मासिक आय को 10,000 से बढ़ाकर 20,000 करना चाहिए।

**श्री मुरलीधर नावंधर, जोन-4**



रिति-रिवाज समिति एवं महिला शक्तिकरण हेतु विधान में आवश्यक संशोधन किया जाना चाहिए।

**श्री अशोक खटोड़, जोन-3**



- ✦ गर्ल्स हॉस्टल बनाया जाए,
- ✦ बच्चों के लिए संस्कार शिविर लगाया जाए,
- ✦ आपदा या सहायता कोष बनाया जाए,
- ✦ महेश सेवा रसोई बनाएं जहाँ न्यूनतम दर पर भोजन व्यवस्था हो,
- ✦ माहेश्वरी सेवा दल की स्थापना की जाए,

**डॉ. महेश भूतड़ा, जोन-6**



- ✦ समाज कार्यक्रमों में भोजन की जगह चाय-नाश्ता हो,
- ✦ कोटेशन सभी से मंगवाए जाएँ।
- ✦ कोर्ट केस में वकील की फीस का पता रहे।

**श्री महीप तापड़िया, जोन-4**



- ✦ समाज जनोपयोगी भवनों में व्यंजन सीमा की पालना करने वाले को ही रियायत दी जाये,
- ✦ जन सुनवाई केंद्र बनना चाहिए।
- ✦ माहेश्वरी स्वयंसेवक संगठन की स्थापना हो।

**श्री जयन्त बाहेती, जोन-2**



समाज बन्धुओं को मेडिक्लेम की सुविधा उपलब्ध करवाने पर कार्य करना चाहिए।

**श्री अनिल सारड़ा, जोन-4**



**सभी सुझावों के प्रबन्धन एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी द्वारा विशेष संज्ञान लेने का आश्वासन दिया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा अपने संबोधन में निम्न बिंदुवार जानकारी प्रदान की :-**

- ✿ उच्च शिक्षा को मजबूत करने के लिए शिक्षार्थी को 30000/- रुपये तक का वार्षिक ब्याज मुत लोन मिलेगा, टेक्निकल कोर्स के लिए 75,000/-तक का वार्षिक लोन एवं सलेक्टेड यूनिवर्सिटीज में अध्ययन हेतु 15,00,000/- रुपये तक का लोन प्रदान करने हेतु समाज द्वारा व्यवस्था बनायी गई है, जिसकी सूचना समाज ऑफिस से प्राप्त की जा सकती है।
- ✿ बी-2 बायपास पर स्थित सर्वधर्म मोक्षधाम निर्माण हेतु नगर निगम, जयपुर द्वारा प्राप्त भूमि पर 5 करोड़ बजट- काम शुरू करेंगे।
- ✿ वृद्धाश्रम में 12-13 कमरे दानदाताओं के सहयोग से निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें 6 कमरों की स्वीकृति दानदाताओं से प्राप्त हो चुकी है।
- ✿ समाज जनोपयोगी भवनों का शुल्क समाज के लिए कम किया है।
- ✿ श्री चांदमल जी राठी द्वारा समाज को प्रदान की गई भूमि पर गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण प्रस्तावित है।
- ✿ माहेश्वरी बन्धुओं के लिए डायग्नोस्टिक सेंटर में डिस्कॉउंट 20% से बढाकर 50% किया गया है।
- ✿ विद्यालयों में बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा को देखते हुए समाज विद्यालयों की गुणवता में बढ़ोतरी एवं पारदर्शिता हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। अगले शैक्षणिक सत्र अप्रेल माह में ECMS टैलेंट सर्च एग्जाम करवाये जाएंगे, जिसमें विजेता को क्लास 9th से 12th तक 200000/- रुपये तक की स्कालरशिप मिलेगी।
- ✿ एमपीएस बगरू - राजस्थान में स्पोर्ट्स स्कूल के रूप में डेवेलोप करेंगे
- ✿ एमपीएस, कालवाड़ रोड के समीप 2,860 गज भूमि 27,500/- रुपये प्रति गज के हिसाब क्रय करने की प्रक्रिया चल रही है।
- ✿ महेश धाम के निर्माण हेतु जिसमें मंदिर, मैरिज गार्डन एवं सामुदायिक भवन शामिल होंगे, सीकर रोड़ पर जमीन की तलाश की जा रही है।

अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी आगन्तुक बन्धुओं का आभार व्यक्त किया गया तथा उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि आप और हम साथ मिलकर समाज को एक नये आयाम तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में विवादित मामलों को एक जाजम पर आपसी मतभेद दूर कर हल करने के लिए वे सदैव उपलब्ध है। अन्त में राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया।



।। श्री महेश्वराय नमः।।

# "उत्सव"

## श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन

(अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

**पी–10, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर**

फोन नं. 0141–2236743–44

Website: www.utsavjaipur.in I E-mail: utsavjaipur@yahoo.com



| यूनिट | विवरण |
|---|---|
| | **ब्लॉक ए** |
| I | भोजन व्यवस्था के लिये उपयुक्त लॉन 2 एसी विश्राम कक्ष एवं रसोई सहित |
| II | 1000 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी बैंक्वेट हॉल, फूडकोर्ट, 1 पूजा कक्ष, 1 एसी शयनकक्ष एवं रसोई सहित |
| III | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष |
| IV | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष<br>अतिरिक्त शयनकक्ष मेजेनाईन तल पर (डबल बैड 5 कमरे)<br>प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ट्रांसिट रूम-2 (डॉरमिटॉरी 8 बैड) |
| V | 1 सुईट, 4 सेमी सुइट रूम सहित अत्याधुनिक 22 कमरे, डाईनिंग हॉल, किचन, पार्लर रूम, पूजा रूम, लॉबी सहित |
| | **ब्लॉक बी** |
| VI | 11 एसी कमरे (30 स्थापित बैड) व पूजा घर<br>अतिरिक्त शयनकक्ष (डबल बैड 3 कमरे) |
| VII | 300 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी हॉल रसोई व भोजन कक्ष सहित |

विशेष : ★ भवन के सभी कमरों में कुल 230 बैड स्थापित है एवं 85 अतिरिक्त बैड लगाने की व्यवस्था है।

- माहेश्वरी परिवारों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये किराया राशि में 50% छूट।
- माहेश्वरी परिवारों को धार्मिक आयोजनों हेतु एसी हॉल (भूतल) सहित 4 दिन या उससे अधिक के लिये आरक्षण करवाने पर मूल किराया राशि में 60% छूट।
- यूनिट III व IV में आवश्यकतानुसार कमरों, मिनी हॉल अथवा भोजन कक्ष व किचन की बुकिंग अलग-अलग भी की जा सकती है। (कार्यक्रम से अधिकतम 15 दिवस पूर्व)
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर बर्तन भंडार हलवाई के बर्तनों हेतु।
- सभी कमरे मिनी फ्रिज, इलैक्ट्रिक कैटल, टी.वी., गीजर, इंटरकॉम आदि सभी सुविधा सम्पन्न।
- 3 पैसेंजर लिफ्ट एवं 1 सर्विस लिफ्ट
- बेसमेंट कार पार्किंग एवं वैलेट पार्किंग की सुविधा।
- 2 स्टाफ रूम की सुविधा उपलब्ध (10 व्यक्ति प्रति रूम)
- 24 घंटे पावर बैकअप, स्वागत कक्ष पर डिजिटल डिस्प्ले, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन एवं फ्री वाई-फाई सम्पूर्ण भवन में।

भवन के वीडियो टूर के लिये स्कैन करें।

अग्रिम बुकिंग का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
सम्पर्क : 9251033701, 9251033703

**चैक इन टाइम – 12:00 PM**
**चैक आउट टाइम – 09:00 AM**

## संचालन समिति
(सत्र 2025–28)

**उमेश सोनी** – अध्यक्ष
**सीए. रोहित परवाल** – महामंत्री
**सुधीर जाजू** – चेयरमैन
**सुनील बिहाणी** – महामंत्रीसचिव

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**संजय बाहेती** – वाईस चेयरमैन (वित्त)
**श्यामसुन्दर तोतला** – वाईस चेयरमैन (संचालन)
**रमेश मून्दड़ा** – सह–सचिव
**बंकटलाल माहेश्वरी** – भवन मंत्री
**द्वारका प्रसाद मूंदड़ा** – कोषाध्यक्ष

सदस्य : सत्यनारायण काबरा (अम्बाबाड़ी), रामसहाय मांधना, नवीन सोमानी, विकास खटोड़।

# नववर्ष पर श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर द्वारा भव्य 'विंटर कार्निवल एवं स्वाद संगम 2026' का सफल आयोजन



नववर्ष के शुभारंभ पर श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर द्वारा एमपीएस तिलक नगर प्रांगण में दो दिवसीय विंटर कार्निवल एवं स्वाद संगम 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'सशक्त नारी-समृद्ध समाज' की भावना को साकार करते हुए महिलाओं को स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

परिषद् की अध्यक्षा श्रीमती स्नेह लता साबू के नेतृत्व में प्रथम बार आयोजित इस विंटर कार्निवल को समाज की महिलाओं को सशक्त मंच प्रदान करने की दिशा में एक सफल एवं सराहनीय पहल के रूप में देखा गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू देवी सोमानी एवं श्रीमती गीतिका-अनुपम जी सोमानी के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का कुशल संयोजन श्रीमती पिंकू जी सोमानी ( संयोजक ) द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य अतिथियों का शॉल, दुपट्टा एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। सचिव ज्योति हुरकट ने बताया कि कार्निवल में कुल 70 स्टॉल लगाए गए, जिनमें हस्तनिर्मित उत्पाद, विविध व्यंजन, डिजाइनर परिधान, सजावटी वस्तुएँ एवं कलात्मक वस्तुओं का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले, पपेट शो, विभिन्न गेम्स एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसने कार्निवल को पारंपरिक एवं पारिवारिक उत्सव का रूप दिया।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहीं मास्टर शेफ मंजू जी चांडक, जो प्रसिद्ध शेफ संजीव कपूर की शिष्या रह चुकी हैं। उन्होंने कुकरी शो के अंतर्गत लाइव रेसिपी वर्कशॉप आयोजित की तथा केक एवं बेकरी आइटम बनाने की विधियाँ सिखाई। इसके अतिरिक्त सुनीता जी जैन द्वारा वेजिटेबल सलाद की वर्कशॉप तथा अशोक जी शर्मा द्वारा मिलेट्स एवं हेल्दी फूड पर आधारित कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें संतुलित खानपान एवं स्वस्थ जीवनशैली पर उपयोगी जानकारी दी गई। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई और गिफ्ट के स्पॉन्सर श्री सुरेंद्र-दुर्गा सोमानी जी रहे। दो दिन की जल व्यवस्था संतोष बजाज के सहयोग से हुई। शाम के समय लाइव म्यूजिक के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। साथ ही दोनों दिनों में प्रत्येक घंटे लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसमें आशीष जी मंत्री ( गणगौर बेसन ) एवं सुरेश जी कलानी का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष उमेश जी सोनी, महासचिव शिक्षा कमल जी सोमानी, उपाध्यक्ष कमल जी साबू सहित अनेक गणमान्य समाजबंधु उपस्थित रहे।

दूसरे दिन पूर्व सांसद रामचरण जी बोहरा के आगमन से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ी। उनके द्वारा महिला स्टॉल पर खरीदारी करके महिलाओं का उत्साहवर्धन किया गया। सह संयोजक कल्पना मल्हड़, मंजू मंत्री, मनीषा चांडक, रेनू नोवाल, सुनीता झंवर, इंद्रा लोहिया रही।

सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं को महिला परिषद् की ओर से सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किए गए। परिषद् की सभी सदस्याओं के सहयोग, समर्पण एवं टीमवर्क से यह आयोजन अत्यंत सफल, प्रेरणादायक एवं यादगार रहा। यह आयोजन न केवल मनोरंजन, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक सहभागिता का सशक्त माध्यम बना, बल्कि महिलाओं की प्रतिभा, उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता को भी समाज के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने में सफल रहा।












# महिला परिषद् द्वारा आयोजित 'नई दिशा' सेमिनार में युवाओं ने 2047 के समाज की रूपरेखा पर किया मंथन



जयपुर माहेश्वरी समाज के युवा बच्चों के लिए आयोजित 'नई दिशा सेमिनार' में विचार, मूल्य और नवाचार का प्रेरणादायी संगम देखने को मिला।

कृतेश अग्रवाल द्वारा संचालित इस सेमिनार की शुरुआत **'भारत की असली शक्ति उसका युवा है'** जैसे प्रेरक विचारों के साथ हुई। वक्ता ने कहा कि हर बड़ा परिवर्तन छोटे कदम से शुरू होता है। स्वयं से परिवार, परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र तक। हमारे रोजमर्रा के निर्णय और मूल्य ही भविष्य का निर्माण करते हैं।

**2040 की शादी :** बदलते समय में रिश्तों की समझ आवश्यक है।

पहली गतिविधि में प्रतिभागियों को वर्ष 2040 की एक काल्पनिक शादी की महत्वपूर्ण सूची तैयार करने का कार्य दिया गया। इस गतिविधि के माध्यम से रिश्तों, परंपराओं, सामाजिक जुड़ाव और प्राथमिकताओं पर गहन चर्चा हुई, साथ ही संदेश दिया कि भले ही समय और तकनीक बदल रही हो, लेकिन मानवीय संबंध और सांस्कृतिक मूल्य समाज की रीढ़ बने रहना चाहिए।

### महेश्वरी उद्यमी 2047 की सोच :

दूसरी गतिविधि 'महेश्वरी उद्यमी' के अंतर्गत युवाओं ने महेश्वरी समाज की वास्तविक समस्याओं की पहचान करते हुए 5 स्लाइड के माध्यम से समस्या, नवाचार व समाधान, टीम संरचना और आगे बढ़ने की रणनीति साझा की। प्रत्येक समूह को 90 सेकंड में अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिला। इस सत्र में यह संदेश दिया गया कि वास्तविक परिवर्तन केवल चर्चा से नहीं, बल्कि भागीदारी, नेतृत्व और जिम्मेदारी लेने से आता है। चिंतन, संकल्प और भविष्य की ओर उठाये गये कदम सत्र में युवाओं को यह एहसास कराया गया कि शुरुआत करने में कभी देर नहीं होती। Gen Z में सोचने, क्रियान्वयन ,नेतृत्व और निर्माण करने की अपार शक्ति है।



सेमिनार का समापन **'स्वयं-परिवार-समाज-राष्ट्र'** के प्रति सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ हुआ। अंत में यह कहा कि आज का एक सकारात्मक विचार आने वाले कल का भविष्य बना सकता है। इसी के साथ महेश्वरी समाज विजन 2047 का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

अध्यक्ष स्नेहलता साबू ने बताया कि यह प्रोग्राम समाज के बच्चों के लिए पहली बार किया गया है और सचिव ज्योति हूरकट ने अपनी टीम का उत्साहवर्धन करते हुए इस कार्यक्रम के संयोजिका मोनिका पटवारी, सहसंयोजिका नीरजा मांधना, चारु दरगड़, शोभना मालपानी, रश्मि मालपानी, नूपुर मोदानी, गौरांगी मंत्री के कार्यशैली की खूब सराहना की और सभी को गिफ्ट के रूप में गीता जार दिए गए ताकि बच्चे धार्मिक ग्रंथों के महत्व को जान सके। संस्कृति स्कूल बनीपार्क के मानद सचिव प्रकाश जी बिरला भी उपस्थित रहे।



## शिव की बारात

बम - बम, बम - बम, बम - बम ,  
बम -बम , बम - बम भोले।  
शिव की देख बरात सभी का मनवा डोले।

भस्म रमाय चले हैं तन पर भोले शंकर।  
गले वासुकी नाग लगे है रूप भयंकर।  
होय सवार चले नंदी पर जटा को खोले।  
बम - बम, बम - बम .........

बाघ चर्म के वस्त्र बदन पर शोभा पाए।  
नर मुंडो को माला गल में है लटकाए।  
डम - डम , डम - डम,  
डमरु हवा में रस को घोले  
बम - बम, बम - बम.........

सोह ललाट चंद्रमा हस्त त्रिशूल धारते।  
शंभू शक्ति को चले ब्याहने ढोल बाजते।  
साथ चले हैं जीव - जंतु पक्षी के टोले।  
बम - बम, बम - बम........

भूत - पिशाच नाचते गाते साथ चले हैं।  
हैं विचित्र कुछ प्राणी तन पर रक्त मले हैं।  
असुरों संग देवता भी है मुख से बोले।  
बम - बम, बम -बम..........

आक, धतूरा खाय भांग का नशा निराला।  
झूम रहे बाराती पी शिव नाम की हाला।  
देख दृश्य अति दुर्लभ सृष्टि नयन भिगोले।  
बम - बम, बम - बम .......

शिवरात्रि का दिवस था शिव ने ब्याह रचाया।  
शिव - शक्ति के साथ से जग ने संबल पाया।  
शिव - शक्ति के जप से मन के मैल को धो ले।  
बम - बम , बम - बम .........



सारिका फलोर

।। श्री महेश्वराय नमः।।

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

द्वारा आयोजित

## 101वाँ वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

## 'सूर्य सप्तमी'



**रविवार, 25 जनवरी 2026**

**प्रातः 11.00 बजे से**

**समाज जनोपयोगी भवन**
**'अभिनन्दन',**
पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर

Scan QR
for location

## आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**विनीत**

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री

**कमल किशोर साबू**
उपाध्यक्ष (समाज)

**पूनम चन्द भाला**
उपाध्यक्ष (अर्थ)

**भवानी शंकर बाहेती**
संयुक्त मंत्री

**रामअवतार काबरा**
संयुक्त मंत्री

**सीए. नटवर सारड़ा**
अर्थमंत्री

**सुशील जाजू**
कोषाध्यक्ष

**देवेन्द्र झंवर**
संगठन मंत्री

**विजय सारड़ा**
प्रचार मंत्री

**अनिल कोठ्यारी**
सांस्कृतिक मंत्री

**बजरंग लाल सोमानी**
भण्डार मंत्री

**स्नेहलता साबू**
अध्यक्ष

**ज्योति हुरकट**
सचिव

श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

**अनिल साबू**
कार्यक्रम संयोजक
7976107173

**सीए. अखिल भाला**
अध्यक्ष

**सीए. प्रवीण परवाल**
सचिव

श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

होली स्नेह मिलन हेतु आप से आग्रह हैं कि
**शनिवार, दिनांक 28 फरवरी 2026 की शाम**
**'Save the Date'**
कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी और स्थान की सूचना पत्रिका के अगले अंक में आप तक पहुँच जायेगी।

## मुरलीपुरा क्षेत्र में पौषबड़ा महोत्सव आयोजित हुआ




4 जनवरी 2026 को जयपुर शहर के मुरलीपुरा क्षेत्र में श्री माहेश्वरी बंधु परिवार द्वारा चतुर्दशम पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन श्री श्याम वाटिका विवाह स्थल में किया गया जिसमें मुरलीपुरा और आस पास के क्षेत्र के समाज बंधुओ ने उत्साह के साथ सहभाग लिया कार्यक्रम की शुरुआत सांयकाल भगवान महेश की आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल-कूद प्रतियोगिता से हुई। कार्यक्रम में लगभग एक हजार समाज बंधुओ की उपस्थिति रही सभी ने अनेक प्रकार की स्टालस का आनंद लिया एवं इसके पश्चात् भगवान महेश को भोग लगाकर पौषबड़ा प्रसादी का आनंद उठाया प्रसादी के साथ साथ कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमें अनेक समाज बंधुओ ने सहभागिता की इसमें अलग अलग श्रेणी के खेलो का चयन किया गया सभी श्रेणीयों में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार वितरित किये गये कार्यक्रम में लक्की ड्रा भी रखा गया।

अश्वनी जैथलिया ने बताया कार्यक्रम में पहुँचने वाले प्रथम 21 जोड़ो को पुरस्कार दिया गया एवं हाउसी खेल का भी आयोजन किया गया एवं समाज बन्धुओं से झूठा ना छोड़ना की अपील की गई।

## कालवाड़ रोड़ माहेश्वरी बंधुओं का द्वितीय स्नेह-मिलन समारोह संपन्न



कालवाड़ रोड़ पर रहने वाले माहेश्वरी परिवारों का द्वितीय स्नेह मिलन समारोह दिनांक 21.12.2025 को ओम मैरिज गार्डन, सिरसी लिंक रोड़, गोविन्दपुरा, जयपुर पर सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कालवाड़ रोड़ पर रहने वाले 130 परिवारों के लगभग 350 बन्धुओं की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर पारिवारिक परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हाउजी तथा बच्चों के लिए गेम्स, झूलें, मिक्की माउस और अन्य मनोरंजक कार्यक्रम रखे गए। जिसका सभी बन्धुओं ने बहुत आनंद लिया और अंत में लक्की ड्रॉ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। एडवोकेट सुभाष खटोड़ ने बताया कि कार्यक्रम में सभी बंधुओं का विशेष सहयोग रहा।

## महेश सेवा कोष

महेश सेवा कोष के द्वारा शिक्षा, चिकित्सा एवं भरण-पोषण हेतु वृद्धजनों, विधवाओं एवं दिव्यांगों को निरन्तर सहायता प्रदान की जा रही है। जरूरतमंद समाजबंधुओं को सत्र 2025-28 में सहायता राशि प्राप्त करने के लिए NEW सहायता फॉर्म के समस्त कॉलम्स भरना एवं सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ, चौकड़ी कार्यकारिणी सदस्य, चौकड़ी संयोजक तथा जोन संयोजक के हस्ताक्षर सहित समाज कार्यालय में 31 जनवरी, 2026 तक जमा करवाना आवश्यक है।

( सहायता फार्म इस पत्रिका में प्रकाशित किया गया है )

### श्री संदीप मूंदड़ा, महेश सेवा कोष मंत्री 9314648505

| क्र. सं. | नाम | चौकड़ी | संयोजक/ सदस्या | मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| **जोन-1 : संयोजक-श्री मुकेश कालानी, मो.नं. 9982240743** | | | | |
| 1. | श्री राजरूप मालू | मोती डूंगरी | संयोजक | 9828165663 |
| 2. | श्री लोकेश झंवर | चारदीवारी दक्षिण | संयोजक | 9414249663 |
| 3. | श्री हितेश चांडक | चादीवारी उत्तर | संयोजक | 9413752539 |
| 4. | श्रीमती सीमा मनिहार | | सदस्या | 9460382028 |
| **जोन-2 : संयोजक-सीए. लोकेश कासट, मो.नं. 9887570010** | | | | |
| 1. | श्री महेश मालपानी | विद्याधर नगर | संयोजक | 9351503977 |
| 2. | श्री नीलेश भूतड़ा | शास्त्री नगर | संयोजक | 9829092514 |
| 3. | श्रीमती शोभा खटोड़ | | सदस्या | 9351222708 |
| **जोन-3 : संयोजक-श्री अनिल अजमेरा, मो.नं. 9799394967** | | | | |
| 1. | श्री रघुनन्दन राठी | झोटवाड़ा | संयोजक | 9214090436 |
| 2. | श्री भगवान जाजू | मुरलीपुरा | संयोजक | 9460183330 |
| 3. | श्रीमती दीपिका रांधड़ | | सदस्या | 8949103254 |
| **जोन-4 : संयोजक-श्री चेतन प्रकाश मूंदड़ा, मो.नं. 9414058832** | | | | |
| 1. | श्री हरीश मालू | वैशाली नगर | संयोजक | 9829013030 |
| 2. | श्री विष्णु बियानी | बनीपार्क | संयोजक | 9829010665 |
| 3. | श्रीमती संगीता चांडक | | सदस्या | 9784874863 |
| **जोन-5 : संयोजक-श्री दीपक बिड़ला, मो.नं. 9829473733** | | | | |
| 1. | श्री अनिल साबू | मानसरोवर | संयोजक | 7976107173 |
| 2. | श्री लक्ष्मीनारायण मोदानी | श्याम नगर | संयोजक | 9460069917 |
| 3. | श्रीमती पूजा भाला | | सदस्या | 8890422663 |
| **जोन-6 : संयोजक-श्री चन्द्र प्रकाश लखोटिया, मो.नं. 9928010922** | | | | |
| 1. | श्री आलोक लढ्ढा | टोंक फाटक | संयोजक | 9309099652 |
| 2. | श्री मुकेश काबरा | बापू नगर | संयोजक | 9314588184 |
| 3. | श्री सुरेश जैथलिया | सांगानेर | संयोजक | 9828466258 |
| 4. | श्रीमती रचना करवा | | सदस्या | 8078649643 |

## निवारू रोड़ माहेश्वरी परिवारों का पौष बड़ा महोत्सव संपन्न



निवारू रोड़ माहेश्वरी परिवार प्रतिवर्ष जनवरी के प्रथम रविवार को पौष बड़ा का आयोजन करते रहे हैं। इसी क्रम में श्री दीपक काकाणी के संयोजकत्व में 4 जनवरी 2026 को द्वादश पौष बड़ा का आयोजन मुख्य अतिथि श्री रवि जी पेड़ीवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्री नाथ जी की पूजा अर्चना, पौष बड़ा प्रसादी भोग के साथ प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम में महिला कुर्सी दौड़, बच्चों के डांस, हाऊजी, मिकी माउस जैसे मनोरंजक कार्यक्रमों में समाज अध्यक्ष श्री उमेश जी सोनी, महासचिव शिक्षा श्री कमल सोमानी, प्रचार मंत्री श्री विजय सारडा सहित जोन 3 समाज, महिला, नवयुवक मंडल के उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। समाज अध्यक्ष श्री सोनी ने अपने उद्बोधन में जोन 3 में छोटे जनउपयोगी भवन के लिए उपयुक्त जमीन तलाशने, mgps को बालक-बालिकाओं के लिए संयुक्त शिक्षा सहित सभी वायदों को पूरा करने का विश्वास प्रकट किया।

प्राप्ति क्रमांक :..............

जारी दिनांक :..................

प्राप्ति दिनांक :..................

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, MPS Int. स्कूल,
तिलक नगर, जयपुर, फोन नं. 2621644 (Whatapps No.01412623500)
पंजी. कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर

## महेश सेवा कोष के अन्तर्गत सहायता हेतु आवेदन–पत्र 2025-28

1. आवेदक का नाम .............................................. पत्नी/पुत्र .............................................. गोत्र......................
2. निवास का पता ..............................................................................................................
.............................................................................चौकडी.............................. जोन नं.................
3. मोबाईल नं.................................. मकान स्वंय का/किराये का मासिक किराया रू..................(कियायानामा की कॉपी संलग्न करें)
4. जयपुर में निवास की अवधि .................................... मूल निवास स्थान.......................
5. परिवार में कुल सदस्यों की संख्या– अविवाहित ........... विवाहित...........
6. सहायता की आवश्यकता का कारण ..............................................................................
7. परिवार के सदस्यों की कुल मासिक आय..............................
8. समाज सदस्य क्रमांक..................................................

पासपोर्ट

साईज फोटो

### परिवार में कमाने वाले सदस्यों के व्यवसाय या नौकरी का विवरण

(i) नाम..............................................................व्यवसाय या सर्विस..............................................................................
नियोक्ता फर्म मालिक का नाम/पता...................................................मो. नं..................................फर्म का पेन ...............
व्यवसाय या सर्विस से प्राप्त आय रुपये....................................

(ii) नाम..............................................................व्यवसाय या सर्विस..............................................................................
नियोक्ता फर्म मालिक का नाम./पता ...............................................मो. नं..................................फर्म का पेन ...............
व्यवसाय या सर्विस से प्राप्त आय रुपये....................................

8. कब से सहायता ले रहे हैं .............................................................................................................
9. पूर्व में कौनसी सहायता ली गई ....................................................................................................
10. प्रार्थी द्वारा अभी किस मद में सहायता चाही गई है ...........................................................................

11. ### परिवार के सदस्यों का विवरण :–

| क्र.स. | नाम | संबंध | उम्र | सर्विस/व्यवसाय | मासिक आय | छात्र की स्कूल का नाम /कक्षा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3. | | | | | | |
| 4. | | | | | | |
| 5. | | | | | | |

12. परिवार में उपयोग लिये जाने वाले वाहनों की संख्या .........................
मोटरसाईकिल/स्कूटर/कार...........................................................................

हस्ताक्षर आवेदक

**नोटः फार्म के सम्पूर्ण कॉलम भरकर नियम के अनुसार सभी दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।**

## 13. अपनी चौकड़ी के समाज कार्यकारिणी सदस्य (2025–28) की अनुशंसा :-

(सभी समाज कार्यकारिणी सदस्यों से विनम्र आग्रह है कि 'महेश सेवा कोष' के सहायता फार्म के नियमों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसका सत्यापन स्वयं के विवेक से करें क्योंकि समाज हित सर्वोपरि है ताकि वास्तविक जरूरतमंद को सहायता का लाभ मिल सकें)

टिप्पणी : मैंने उपरोक्त तथ्यों की फार्म में संलग्न दस्तावेज की जाँच कर ली है। सहायता दी जा सकती है/नहीं दी जा सकती है।

टिप्पणी : ..................................................

चौकड़ी संयोजक का नाम ..................................................चौकड़ी संयोजक हस्ताक्षर..................................

टिप्पणी : ..................................................

चौकड़ी कार्यकारिणी सदस्य का नाम ..................................चौकड़ी कार्यकारिणी सदस्य के हस्ताक्षर ..............................

टिप्पणी : ..................................................

.................................................. स्वीकृत/अस्वीकृत..............................

.................................................. दिनांक : ..............................

जोन संयोजक

हस्ताक्षर ..............................

संदीप मूंदड़ा

महेश सेवा कोष मंत्री

## नियम व शतें

1. **विधवा सहायता** हेतु पति के **मृत्यु प्रमाण पत्र** की फोटोकॉपी लगाना अनिवार्य है तथा किसी प्रकार की पारिवारिक आय नहीं होने पर ही सहायता देय होगी।
2. स्थानीय माहेश्वरी परिवारों की जिनकी कुल **मासिक आय रु.10,000/–** रूपये है। ये ही परिवार **शिक्षा एवं चिकित्सा** सहायता के पात्र हैं।
3. उपरोक्त सहायता का भुगतान आवेदक को NEFT द्वारा किया जाता है। अतः आवेदनकर्ता स्वयं का **बैंक खाता संख्या व IFSC कोड** अवश्य दें।
4. परिवार के सभी सदस्यों के समस्त बैंक खातों का **1 दिसम्बर, 2024 से अब तक** का बैंक स्टेटमेन्ट संलग्न करना अनिवार्य है।
5. **पेन कार्ड, जनआधार कार्ड एवं आधार कार्ड** की कॉपी लगाना अनिवार्य है।
6. शिक्षा व चिकित्सा सहायता के **बिल 2 माह** से अधिक पुराने होने पर बिलों का भुगतान नहीं किया जायेगा।
7. चिकित्सा बिल **राजकीय अस्पतालों अथवा महेश अस्पताल** के ही मान्य होंगे।
8. बिजली के बिलों की **विगत 1 वर्ष की फोटोकॉपी यदि किराये का मकान होने की स्थिति में स्वयं के बिजली खपत का बिल मकान मालिक से सत्यापित करवाकर** संलग्न करना आवश्यक है।
9. वेतन प्रमाण पत्र की **मूल प्रति** संलग्न करें एवं आवेदनकर्ता (**आयकर दाता** हैं तो) रिर्टन फाइल संलग्न करना अनिवार्य है।
10. वेतन प्रमाण पत्र पर फर्म की स्टेम्प व पैन कार्ड नम्बर, फर्म मालिक का नाम, पता व मोबाइल नं. व ई–मेल अंकित होना आवश्यक है।
11. महेश सेवा कोष समिति द्वारा आवेदनकर्ता की वित्तीय स्थिति की **जांच निष्पक्षता से की जायेगी**, क्योंकि समाज का उद्देश्य जरूरतमंद समाज बंधुओं की वित्तीय सहायता करना ही है। यदि समिति ने जांच के दौरान पाया कि आवेदनकर्ता को वित्तीय सहायता की जरूरत नहीं है तो महेश सेवा कोष से सहायता नहीं दी जायेगी। समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
12. सहायता स्वीकृत करने की अधिकतम **प्रक्रिया अवधि 2 माह** है।
13. शपथ पत्र भरना अनिवार्य है।

**शपथ पत्र**

मैं, भगवान महेश को साक्षी मानकर घोषणा करता हूँ कि उक्त दी गई जानकारी मेरे अनुसार पूर्णतः सत्य है। अगर इसमें किसी भी प्रकार की असत्यता पाई गई तो मेरे द्वारा प्राप्त की गई समाज की सहायता की राशि लौटाने को जिम्मेदार हूँ व समाज को भविष्य में दी जाने वाली सहायता राशि को बंद करने का अधिकार होगा।

हस्ताक्षर

शपथग्रहिता

(आवेदनकर्ता)

# राजापार्क में रामदास राठी मार्ग का हुआ भव्य अनावरण




दिनांक 21 दिसंबर, 2025 को राजापार्क क्षेत्र में स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर के समीप की गली का नामकरण अब 'रामदास राठी मार्ग' के रूप में किया गया है। यह नामकरण समाजसेवी एवं शिक्षाविद् स्वर्गीय श्री रामदास जी राठी की स्मृति में किया गया, जिनका शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान रहा है।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी ने कहा कि स्व. श्री रामदास जी राठी ने माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में अनेक वर्षों तक प्रधानाचार्य के रूप में सेवाएँ प्रदान कीं। उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में शिक्षित विद्यार्थी आज न केवल देश बल्कि विदेशों में भी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी वे सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहे और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बने रहे।

कार्यक्रम के दौरान समाज की ओर से विधायक श्री कालीचरण सर्राफ से शिक्षाविदों के नाम पर विद्यालयों के नामकरण का आग्रह किया गया। इस पर विधायक श्री सर्राफ ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे इस विषय को राज्य सरकार तक पहुँचाकर इस दिशा में गंभीर प्रयास करेंगे।




महामंत्री सीए. रोहित परवाल ने कहा कि यह अवसर केवल माहेश्वरी समाज ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा जगत एवं सर्व समाज के लिए गौरव एवं भावनात्मक क्षण है। उन्होंने बताया कि स्व. श्री रामदास राठी के सुपुत्र श्री कृष्ण कुमार राठी अपने पिता के आदर्शों पर चलते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहकर उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

कार्यक्रम में माधुरी अलबेली शरण जी महाराज, विधायक श्री कालीचरण सर्राफ, महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, श्री रवि नैयर सहित अनेक गणमान्य अतिथियों के कर कमलों से 'रामदास राठी मार्ग' का विधिवत अनावरण किया गया।

अंत में श्री रामदास राठी मेमोरियल ट्रस्ट के फाउंडर एवं अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार जी राठी ने महिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता साबू, श्री राजू मंगोडी, न्यायाधीश श्री दिनेश सोमानी, सेवानिवृत्त आईपीएस श्री ललित गदिया, जस्टिस दीपक माहेश्वरी, समाज संरक्षकगण श्री सत्यनारायण काबरा (जे.डी.), श्री सत्यनारायण काबरा (मा.न.), श्री मनोहर लाल सारड़ा, श्री घनश्याम मूंदड़ा, श्री रमेश मणिहार, उपाध्यक्ष (शिक्षा) श्री निर्मल दरगड़, महासचिव (शिक्षा) श्री कमल सोमानी, शिक्षा सचिव एमपीएस तिलक नगर, श्री वैभव सोमानी, भवन मंत्री श्री अजय नोवाल, पूर्व अध्यक्ष श्री बालकिशन सोमानी, सीए शरद काबरा, कोषाध्यक्ष (शिक्षा) श्री अरुण कुमार मालू, समाजसेवी श्री सुभाष सिंगी, श्री देवरतन कोठारी, श्री बजरंग लाल बाहेती, श्री पवन बजाज, श्री रामअवतार तोषनीवाल, श्री गिर्राज सोमानी, श्री जुगल किशोर सोमानी सहित पधारे हुए सभी समाज बंधुओं एवं अतिथिगणों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# जयपुर माहेश्वरी समाज की शताब्दी विरासत : महाकुंभ का विशेष आकर्षण






अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी महाकुंभ एवं ग्लोबल एक्सपो-2026 में श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर ने अपनी 100 वर्षों की गौरवशाली सामाजिक, शैक्षणिक और संगठनात्मक विरासत को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर सम्पूर्ण आयोजन में विशिष्ट पहचान बनाई। जयपुर समाज द्वारा लगाई गई शताब्दी विरासत प्रदर्शनी न केवल ऐतिहासिक दस्तावेज़ों और स्मृतियों का संग्रह थी, बल्कि वह समाज की सतत प्रगति, मूल्यों और भविष्य दृष्टि का सजीव प्रतिबिंब भी बनी।

प्रदर्शनी में समाज के गठन से लेकर वर्तमान तक की यात्रा, शिक्षा, सेवा, संगठन विस्तार और सामाजिक दायित्वों को आकर्षक .श्यात्मक स्वरूप में दर्शाया गया, जिसे देशघविदेश से आए समाजबंधुओं ने अत्यंत रुचि के साथ देखा।



इस अवसर पर श्री उमेश सोनी ( अध्यक्ष ), सीए. रोहित परवाल ( महामंत्री ), श्री कमल सोमानी ( महासचिव शिक्षा ), श्री कमल किशोर साबू ( उपाध्यक्ष समाज ), श्री निर्मल दरगड़ ( उपाध्यक्ष शिक्षा ), कोषाध्यक्ष ( समाज ) श्री सुशील जी जाजू, कोषाध्यक्ष ( शिक्षा ) श्री अरूण जी मालू समाज संरक्षक श्री ज्योति कुमार जी माहेश्वरी, श्री रमेश जी मणिहार, श्री सत्यनारायण जी काबरा ( मा.न. ), श्री सत्यनारायण जी काबरा ( जे.डी. ) सहित जयपुर माहेश्वरी समाज के अनेक गणमान्य पदाधिकारियों एवं समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जयपुर माहेश्वरी समाज की यह सशक्त, संगठित एवं नवाचारी प्रस्तुति सम्पूर्ण माहेश्वरी समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनी और समाज की एकजुटता व विरासत के गौरव को सशक्त रूप से रेखांकित किया।

## कैरी कैचर फोटो पहल : स्मृतियों को सहेजने का अभिनव प्रयास





जयपुर माहेश्वरी समाज द्वारा की गई AI कैरी कैचर फोटो पहल ने महाकुंभ को और भी स्मरणीय बना दिया। इस अभिनव व्यवस्था के अंतर्गत महाकुंभ में पधारे समाजबंधुओं के फोटो मौके पर ही खींचकर उनका तत्काल प्रिंट आउट स्मृति स्वरूप प्रदान किया गया, जिससे लगभग 1600 से अधिक समाजबंधुओं ने लाभ उठाया। यह नवाचार न केवल तकनीकी दृष्टि से आकर्षक रहा, बल्कि समाजबंधुओं के बीच आत्मीयता, अपनत्व और भावनात्मक जुड़ाव को भी और अधिक सशक्त करने वाला सिद्ध हुआ।

विशेष उल्लेखनीय है कि जिस लिफाफे में फोटो स्मृति-स्वरूप प्रदान किए गए, उस पर जयपुर माहेश्वरी समाज द्वारा संचालित विभिन्न समाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा प्रकल्पों को आकर्षक रूप से दर्शाया गया, जिससे समाज की सक्रिय भूमिका और दूरदर्शी सोच का प्रभावी संदेश भी समाजबंधुओं तक पहुँचा।

जयपुर माहेश्वरी समाज की यह शताब्दी प्रस्तुति निस्संदेह महाकुंभ 2026 की सबसे प्रभावशाली सामाजिक झलकियों में शामिल रही और भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनी।











श्री माहेश्वरी समाज का गौरवग्रंथ




























# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

का

# नवीन प्रकल्प




**Anandam**

जनोपयोगी भवन

**बी-173-174, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर, जयपुर**



## गणेश पूजन

**1 फरवरी, 2026 को प्रातः 9:00**

## विशेष सूचना

**सदस्यता :** 'आनन्दम्' श्री माहेश्वरी समाज, जनोपयोगी भवन, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर के निर्माण का कार्य अन्तिम चरण में है। समाजबंधुओं के लिए इसकी सदस्यता खोली गई है। दानदाता सदस्यों की श्रेणी एवं विवरण निम्नानुसार है:

**1 फरवरी, 2026 से बुकिंग प्रारंभ**

| क्रस | सदस्यता श्रेणी | सहयोग राशि |
|---|---|---|
| (i) | आजीवन सदस्य | 11 लाख रुपए या उससे अधिक की राशि |
| (ii) | अतिविशिष्ट सदस्य | 5 लाख रु. या उससे अधिक एवं 11 लाख रु. से कम |
| (iii) | विशिष्ट सदस्य | 3 लाख रु. या उससे अधिक व 5 लाख रु. से कम |
| (iv) | प्रमुख सदस्य | 1 लाख रु. या उससे अधिक व 3 लाख रु. से कम |
| (v) | साधारण सदस्य | 11,000 रु. या उससे अधिक व 1 लाख रु. से कम |

**बुकिंग हेतु संपर्क करें 8104521525**

उपरोक्त श्रेणियों में सदस्यता प्राप्त करने हेतु इच्छुक समाजबन्धु आवेदन पत्र समाज कार्यालय से प्राप्त कर सदस्यता राशि **श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर** के नाम से चैक या सीधे बैंक खाता संख्या 2111000000000501, IFSC Code : AUBL0002449 में जमा करवाकर संबंधित सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)**
महामंत्री

**कमल किशोर साबू** – उपाध्यक्ष (समाज)
**पूनम चन्द भाला** – उपाध्यक्ष (अर्थ)
**सुशील जाजू** – कोषाध्यक्ष (समाज)
**सीए. नटवर सारड़ा** – अर्थमंत्री
**कमलेश लढ्ढा** – भवन मंत्री (समाज)

### भवन निर्माण समिति

**विष्णु लढ्ढा (वैशाली नगर)** – चेयरमैन (निर्माण)
**राधेश्याम काबरा** – चेयरमैन (वित्त)
**हरीश मालू** – सचिव (निर्माण)
**हरीश भराड़िया** – सचिव (वित्त)
**विकास मोहता (चित्रकूट)** – समन्वयक (भवन)

## दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर ✆ 2624400, 2620541

mps Sanskriti®
Pre Primary School

**किशोरियों में स्वास्थ्य, गरिमा और आत्मविश्वास में अभिवृद्धि हेतु विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति ने कक्षा 5वीं से 12वीं की छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता कार्यशाला का किया आयोजन।**



**गणना कौशल, संख्या ज्ञान, एकाग्रता और तर्कशक्ति विकसित करने हेतु 6 दिसंबर, 2025 को लेवल 1 के बच्चों के लिए स्पिंडल बॉक्स गतिविधि का किया आयोजन**



ऑरिएंटेशन प्रोग्राम में कक्षा प्रथम में प्रवेश चाहने वाले बच्चों के अभिभावकों को बाल केंद्रित गतिविधि आधारित शिक्षण विधियों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से करवाया रूबरू।





लेवल 1 के बच्चों में हाथ-आँख का समन्वय, एकाग्रता और सूक्ष्म मोटर कौशल विकसित करने के लिए 9 दिसंबर को पोरिंग एक्टिविटी का आयोजन किया गया।



यूनिट टेस्ट 2 में विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर 24 दिसंबर को शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का किया आयोजन।

कल्पना शक्ति, आत्मविश्वास, याददाश्त, शब्दावली और वाचन कौशल विकसित करने के उद्देश्य से लेवल 3 के विद्यार्थियों के लिए 11 से 13 दिसंबर तक आयोजित इंग्लिश स्टोरी प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रदर्शन।








13 दिसंबर को आयोजित रोचक व ज्ञानवर्धक 'जल परिवर्तन गतिविधि' द्वारा लेवल 1 के बच्चों को समझाए पानी के विभिन्न रूप।

13 दिसंबर को 'द रोब रैबिट फाइंड्स द कलर बॉक्स' कहानी सत्र में लेवल 1 के बच्चों ने किया अपने श्रवण कौशल, कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता का विकास।





रोमांचक विज्ञान प्रयोग 'कलर चेंजिंग एक्सपेरिमेंट' में 19 दिसंबर को लेवल 2 के बच्चों ने रंगों के मिश्रण की प्रक्रिया को समझा।



13 दिसंबर को लेवल 2 के बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता में अपने रंगों के चयन और चित्रकला कौशल से सभी का मन मोहा।



अच्छे संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच की कामना के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेशन में 2026 का प्रार्थना से किया स्वागत।



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर ✆ 2651854, 2653552

## विद्यालय परिसर में 'सिनर्जी स्पोर्ट्स' व सभागार में 'डिज़्नी फिएस्टा' का आयोजन







दिनांक 19.12.25 से 22.12.25 तक विद्यालय के परिसर में प्री-प्राइमरी वर्ग ( एमपीएस संस्कृति ) के नन्हे-मुन्हे बच्चों से लेकर कक्षा-9 तक के विद्यार्थियों के लिए खेल उत्सव 'सिनर्जी स्पोर्ट्स' का अत्यंत उत्साहजनक आयोजन किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के प्री-प्राइमरी व कक्षा-1, 2 के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने खेल भावना और स्फूर्ति का परिचय देते हुए फ्रॉग जंप रेस, बॉल बैलेंसिंग रेस, हुल्ला हूप रेस, बलून रेस, बैग पैक अप रेस आदि विभिन्न दौड़ों में, कक्षा-3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने कोन बॉल, बुक बैलेंसिंग एवं म्यूजिकल चेयर में और कक्षा-6 से 9 तक के छात्र-छात्राओं ने सैक रेस, थ्री लेग रेस व रिले रेस आदि खेल प्रतियोगिताओं में सोत्साह भाग लिया। साथ ही दिनांक 23 दिसंबर को तक्षशिला सभागार में आयोजित 'डिज़्नी फिएस्टा' कार्यक्रम में भी पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक व वरिष्ठ छात्रों ने मस्ती भरे अंदाज में अनेक प्रस्तुतियों जैसे- सूर्य नमस्कार नृत्य, अंग्रेजी-गीत, डोरेमोन नृत्य, रैंप वॉक, हास्य नाटक, योग नृत्य, वरिष्ठ छात्रों द्वारा पाश्चात्य शैली में नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रमों में सम्मानित विशिष्ट अतिथियों के रूप में नारीशक्ति का







प्रतिनिधित्व करने वाली प्रसिद्ध समाजसेवी श्रीमती मोनिका माहेश्वरी, श्रीमती विरेखा मालू, सुश्री बर्षा झँवर, सुश्री पावनी माहेश्वरी, श्रीमती मीनाक्षी खटोड़, श्रीमती बिंदु छापरवाल, सुश्री शिल्पा मोदानी व सुश्री कृतिका माहेश्वरी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभावृद्धि की व विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

## विद्यालय के परिसर में फन फेयर 'एग्ज़ॉटिका-2025' का आयोजन















विद्यालय के परिसर में 'फन फेयर 'एग्ज़ॉटिका-2025' का शानदार आयोजन किया गया। यह बाल-मेला कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई व परीक्षाओं के मानसिक दबाव से मुक्त होकर मनोरंजन के साथ-साथ उनके कौशल विकास के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अशोक होलानी ( नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, होलानी कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड ) रहे जिन्होंने फीता काटकर विधिवत फन फेयर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर माहेश्वरी शिक्षा समिति व विद्यालय के चेयरमैन श्री उमेश सोनी, वाइस चेयरमैन श्री निर्मल दरगड़, महासचिव शिक्षा श्री कमल सोमानी, मानद सचिव श्री ( सी.ए ) संजय बांगड़, कोषाध्यक्ष श्री अरुण मालू, भवनमंत्री श्री प्रवीण लड्ढा, शिक्षा समिति के गणमान्य सदस्यों में श्रीमती शशि लखोटिया व श्री अंकुर चितलांग्या तथा प्रधानाचार्या श्रीमती रीता भार्गव व विद्यालय प्रबंध समिति के अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई विभिन्न स्टॉल्स के मूल्यांकन के लिए एक विशेषज्ञ निर्णायक मंडल मौजूद रहा, जिसमें श्री उमंग माहेश्वरी, पीएचडी रिसर्च स्कॉलर ( मार्केटिंग ), आईआईएम इंदौर, श्री सुमित धूत, विद्यालय के पूर्व छात्र एवं लॉ फैकल्टी, श्री प्रिंस माहेश्वरी, सुप्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी शामिल थे। मानद सचिव श्री ( सी.ए ) संजय बांगड ने अपने उद्बोधन के माध्यम से सभी अतिथियों व विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस फन फेयर में विद्यार्थियों ने जायकेदार फूड स्टॉल्स और चुनौतीपूर्ण फन गेम्स की स्टॉल्स लगाईं। संगीत, डांस और झूलों का बच्चों ने जमकर आनंद लिया। लकी ड्रॉ के माध्यम से कूपन निकालकर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, निर्णायक मंडल द्वारा चुनी गई सर्वोत्तम स्टॉल्स को भी सम्मानित किया गया।

## गणित विभाग की वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती निशा गुप्ता की सेवानिवृत्ति





दिनांक 23 दिसंबर को विद्यालय के तक्षशिला सभागार में गणित विभाग की वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती निशा गुप्ता की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानद सचिव सीए संजय बांगड़, भवनमंत्री श्री प्रवीण लढ्ढा, प्रधानाचार्या श्रीमती रीता भार्गव व अध्यापिका श्रीमती निशा गुप्ता आदि मंचासीन थे तथा इनके साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति के समस्त अन्य गणमान्य सदस्यों व विदाई लेने वाली शिक्षिका के कुटुम्बीजनों की गरिमामयी उपस्थिति से सभागार सुशोभित रहा। सर्वप्रथम सरस्वती मंदिर में दीप-प्रज्वलन के बाद सभागार में विद्यालय की परंपरा के अनुसार प्रबंध समिति व प्रधानाचार्या ने अध्यापिका श्रीमती निशा गुप्ता का स्वागत-सत्कार किया तथा उन्हें उपहार भेंट किये। विद्यालय के मानद सचिव ने उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए कहा कि श्रीमती निशा गुप्ता ने 26 जुलाई, 2007 में पी जी टी ( गणित ) के पद पर नियुक्त होकर अनवरत 18 वर्षों के सेवाकाल में त्याग, समर्पण, ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए गणित जैसे दुरूह विषय का अध्यापन सरल, सुबोध व रोचक शैली में किया। उपप्राचार्य डी डी पाठक ने प्रशस्ति-पत्र का वाचन किया। विद्यालय के गणित विभाग के शिक्षकों तथा अन्य शिक्षकों ने विदाई व शुभकामनाओं से संबंधित मधुर गीत प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या श्रीमती रीता भार्गव ने अध्यापिका श्रीमती निशा गुप्ता के कार्यकाल से जुड़े प्रेरक-प्रसंगों को साझा करते हुए भाव-विह्वल होकर उनके आगामी जीवन में आरोग्य व सुख-समृद्धि की कामना की।

## 'रामत्व की राह' विद्यालय वार्षिकोत्सव में आदर्शों, मर्यादा और भारतीय मूल्यों का भव्य संगम



**12 दिसंबर** को माहेश्वरी बालिका विद्यालय चौड़ा रास्ता का वार्षिकोत्सव 'रामत्व की राह' तक्षशिला सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल को सुंदरतम रूप में सुसज्जित करते हुए रामायण थीम आधारित जीवंत झाँकी प्रदर्शित की गई। विद्यालय की छात्राओं ने मधुर बैंड वादन से अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर (दक्षिण) श्री युगांतर जी शर्मा ने मुख्य अतिथि पद को, प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी श्री तेजकरण जी चौधरी ने विशिष्ट अतिथि पद को अलंकृत कर कार्यक्रम की शोभा में वृद्धि की। इस शुभावसर पर ECMS के अध्यक्ष श्री उमेश जी सोनी, उपाध्यक्ष श्री निर्मल जी दरगड़, महासचिव शिक्षा श्री कमल जी सोमानी, कोषाध्यक्ष श्री अरुण कुमार जी मालू, महामंत्री समाज सीए रोहित जी माहेश्वरी (परवाल), मानद् सचिव एडवोकेट द्वारकादास जी मालू, भवन मंत्री श्री हरिकिशनजी बाहेती, ECMS के पदाधिकारीगण, सदस्यगण, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यगण, सोसायटी द्वारा संचालित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य, अभिभावकगण पधारे। विद्यालय के प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सभी शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में बालिकाओं ने 'रामत्व की राह' थीम आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। विद्यालय की लगभग 450 छात्राओं ने कार्यक्रम में भागीदारी की, जिसका शुभारंभ शिव - वंदना से हुआ, तत्पश्चात रामायण से जुड़े विविध प्रसंगों पर आधारित प्रभावशाली नाट्य मंचन हुआ जिनमें श्री राम - अहल्या प्रसंग, श्री राम -हनुमान मिलन, अशोक वाटिका दृश्य तथा राम- रावण युद्ध प्रमुख रहे।

### खेल उपलब्धि



1 दिसम्बर, 2025 अलवर में आयोजित राजस्थान स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कक्षा 11 की छात्र हिताशी नागपाल में अंडर-30 फीमेल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया।

### शिक्षक-अभिभावक सम्मलेन का आयोजन

6 दिसम्बर, 2025 को कक्षा 1 से 12 वीं तक की छात्राओं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों से संबंधित PTM का सफल आयोजन किया गया। अभिभावकों ने अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए परीक्षा परिणाम प्राप्त कर विषयाध्यापकों से विचार-विमर्श किया।

## खेलों की दुनिया में पुन: जीते पदक



एमजीपीएस की प्रतिभावान छात्राओं ने पदक जीतने की अपनी यात्रा को अनवरत बनाए रखते हुए 69th राज्यस्तरीय एजुकेशन टूर्नामेंट में खो-खो में U-19 श्रेणी में राशि अग्रवाल व अक्षिता सोनी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

वहीं 69th SGFI राज्यस्तरीय योगासन प्रतियोगिता 2025-26 में विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा अवनी शर्मा ने रजत पदक जीता।



धारव हाई स्कूल में आयोजित अंतर्विद्यालयी चेस प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।



## CBSE की प्रतियोगिताओं में जीते पुरस्कार

CBSE द्वारा आयोजित एक्सप्रेशन 2025 प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा शगुन माहेश्वरी ने अपनी कविता के द्वारा टॉप 16 में जगह बनाकर सभी को गौरवान्वित किया।


नंदिनी अग्रवाल

CBSE आर्यभट्ट गणित चैलेंज के लेवल-2 के लॉजिक प्रोवन प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय की छात्रा नंदिनी अग्रवाल ने क्षेत्रीय स्तर पर (अजमेर रीजन) में सर्वश्रेष्ठ 100 विद्यार्थियों में अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के मानद सचिव श्री आशीष जाखोटिया व विद्यालय की प्रबंधन समिति ने छात्रा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## CLAT प्रतियोगिता में सुनिश्चित किया स्थान


माही बंसल

विद्यालय की छात्रा माही बंसल ने CLAT 2026 की प्रतिष्ठित परीक्षा में AIR 162 हासिल कर विद्यालय के गौरवपूर्ण इतिहास में अपना नाम दर्ज किया। माही ने राजस्थान में सामान्य श्रेणी में 16 वाँ व महिला वर्ग में 60 वाँ स्थान हासिल किया।

## मेडिफेशियल की सीखी कलाएँ



कक्षा 11-12 की ब्यूटी व वेलनेस विभाग की छात्राओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र पुरोहित ने हाइड्रा फेशियल, मेडिफेशियल व अन्य कई प्रकार के फेशियल की जानकारी प्रदान की।

## खेल दिवस का हुआ आयोजन



13 दिसम्बर को विद्यालय में एमजीपीएस संस्कृति व कक्षा 1, 2 के विद्यार्थियों के लिए खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया और पुरस्कार वितरित किए गए।



## सजल नेत्रों से दी भावपूर्ण विदाई



विद्यालय की NCC अध्यापिका श्रीमती सुधा वर्मा ने 25 वर्षों की सेवा के पश्चात 24 दिसंबर को सेवानिवृत्ति प्राप्त की। अपने कार्यकाल के इन 25 वर्षों में सुधा जी ने NCC के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया। उस अवसर पर भूतपूर्व चेयरमैन श्री प्रदीप बाहेती, विद्यालय के मानद सचिव श्री आशीष जाखोटिया, भवन मंत्री श्री दामोदर फलोड व विद्यालय प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुधा जी के परिजन भी उपस्थित रहे। विद्यालय के उनके सहयोगी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने अपनी भावनाओं को कविता और गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। मानद सचिव श्री आशीष जाखोटिया ने उनके कार्यकाल और कठिन परिश्रम से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## बेग लेस डे के अवसर पर सीखे कठपुतली से गुर



CBSE के दिशानिर्देशों के तहत विद्यालय में 24 दिसंबर को प्री प्राइमरी व कक्षा 1-8 वीं तक की छात्राओं के लिए बेग लेस डे का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। इसके तहत कठपुतली प्रदर्शन का आयोजन भी हुआ, जिससे छात्राओं का न सिर्फ मनोरंजन हुआ बल्कि उन्हें इस प्राचीन कला के माध्यम से बहुत कुछ सीखने को भी मिला। छात्राओं ने कठपुतली कला के निर्माण की बारीकियों को भी सीखा।



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर ✆ 9116929333, 9116738408

## धूमधाम से मनाया 17वाँ वार्षिकोत्सव समारोह










'सपनों का अनंत आकाश' प्राइमरी वर्ग व 'प्रेरणा से प्रगति' सीनियर वर्ग के वार्षिकोत्सव ने नयी पीढ़ी को सुझाए जीवन प्रबंधन के सूत्र। विद्यालय के रुद्राक्ष सभागार में दो दिवसीय सत्रहवाँ वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया।

दिनांक 22 दिसंबर, 2025 को प्री-प्राइमरी एवं कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने 'सपनों का अनंत आकाश' थीम पर मनोहारी प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने संगीतमय नृत्य, नाट्य मंचन एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से बचपन के महत्व, व्यक्तित्व निर्माण एवं सपनों को सँवारने का प्रेरक संदेश दिया। इस अवसर पर प्राथमिक कक्षाओं के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि श्री जयकिशन जी जाजू ( प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी ) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. विनोद जी बाहेती ( सलाहकार सर्जन, जयपुर अस्पताल ) ने कार्यक्रम की शोभा में श्री वृद्धि की।

दिनांक 23 दिसंबर, 2025 को सीनियर वर्ग ( कक्षा 6 से 12 ) के विद्यार्थियों द्वारा 'प्रेरणा से प्रगति' थीम पर जोश, उमंग और उत्साह से परिपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी गईं। नाट्य मंचन के माध्यम से पौराणिक प्रसंगों को आधार बनाकर प्रेरणा के महत्व, अंतर्निहित क्षमताओं की पहचान एवं जीवन प्रबंधन के सूत्रों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सत्र 2024-25 के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स सहित विद्यालय की विविध गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आईपीएस श्री रोहित जी मालपानी ( पुलिस अधीक्षक, साइबर क्राइम ) एवं विशिष्ट अतिथि श्री अनिल जी साबू ( अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इलेक्ट्रोलाइट्स पावर प्रा. लि., जयपुर ) रहे।

दी एजुकेशन कमेटी ऑव द माहेश्वरी समाज के उपाध्यक्ष ( शिक्षा ) श्री निर्मल जी दरगड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। महासचिव शिक्षा श्री कमल जी सोमानी ने समिति की गतिविधियों से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को सतत कौशल विकास हेतु प्रेरित किया। विद्यालय के मानद सचिव सीए. शरद जी काबरा ने एनईपी-2020 के अनुरूप किए जा रहे नवाचारों एवं भावी लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अशोक जी वैद ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सत्र 2025-26 की शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक उपलब्धियों का उल्लेख किया तथा विद्यार्थियों को भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि आईपीएस श्री रोहित जी मालपानी ने विद्यालय की पाठ्य-सहगामी गतिविधियों एवं सांस्कृतिक मूल्यों से विद्यार्थियों को जोड़े रखने के प्रयासों की सराहना की, वहीं विशिष्ट अतिथि श्री अनिल जी साबू ने विद्यार्थियों को आत्म-क्षमताओं की पहचान कर निरंतर प्रगतिशील बने रहने का प्रेरक संदेश दिया। विद्यालय भवन मंत्री श्री अशोक जी अजमेरा ने समस्त अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी कारकों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

### विशेष उपलब्धि

यह विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि हमारे मेधावी विद्यार्थियों ने खम्मा फिल्म निर्माण कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण की बारीकियों, रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं तकनीकी ज्ञान का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यशाला में सफल सहभागिता के उपरांत सभी विद्यार्थियों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम हैं- लावण्या अग्रवाल, आशुतोष शर्मा, वैभव अग्रवाल, भव्य आसोपा, त्रियुता शर्मा, संभव जैन, जाह्नवी शर्मा, सत्यम, परिधि नामा एवं आरभ त्यागी।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित पोस्टर पेन्टिंग प्रतियोगिता में कक्षा 5 की दिविजा वर्मा व कक्षा 6 की आरोही गौतम ने प्रथम पुरस्कार तथा कक्षा 3 की मर्यादा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

## प्रवासी राजस्थान दिवस




दिनांक 12 दिसंबर 2025 को राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रवासी राजस्थान दिवस कार्यक्रम का आयोजन JECC, जयपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जिसमें राजस्थान के प्रवासियों के योगदान और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

## जवाहर कला केंद्र, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी




महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं, आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, तथा सीपीआर (CPR) से संबंधित महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

## आर्मी डे परेड 2026 के संबंध में आयोजित बैठक



जयपुर जिला कलक्टर की अध्यक्षता में दिनांक 19.12.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय एनएसएस अधिकारी डॉ. कीर्ति रावत ने भाग लिया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा परेड की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आवश्यक समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई।

## उच्च शिक्षा विभाग में साइबर अपराधों से सुरक्षा के सम्बन्ध में कार्यशाला




दिनांक 13 दिसंबर 2025 को जिला कलेक्टर कार्यालय, जयपुर में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा साइबर अपराधों से सुरक्षा के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने सहभागिता की। कार्यशाला का उद्देश्य साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करना था।

## रन फॉर विकसित राजस्थान 2025 में सहभागिता

दिनांक 21 दिसंबर 2025 को अमर जवान ज्योति से रन फॉर विकसित राजस्थान रैली का आयोजन राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया तथा विकसित राजस्थान के संकल्प को सशक्त समर्थन प्रदान किया।



## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा निशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय, शिकारपुरा में छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए निशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना।




## एनएसएस इकाई द्वारा फूड पैकेट वितरण कार्यक्रम



महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कच्ची बस्ती में निवास करने वाले बच्चों के लिए फूड पैकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सामाजिक सेवा गतिविधि के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों ने जरूरतमंद बच्चों को फूड पैकेट वितरित किए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने बच्चों से संवाद कर उन्हें शिक्षा एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में भी जानकारी दी।

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, बगरू ✆ 2983705, 8114410588




माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, अजमेर रोड, बगरू के प्रांगण में दिनांक 24 दिसंबर 2025 क्रिसमस की पूर्व संध्या पर एक भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमान कैलाश चंद वर्मा, बगरू विधायक एवं विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड आईएएस अधिकारी श्रीमान पुरुषोत्तम बियानी जी, समाज अध्यक्ष श्रीमान उमेश जी सोनी, मानद् सचिव श्री सुरेंद्र जी काबरा, उपाध्यक्ष श्रीमान निर्मल जी दरगड़, कोषाध्यक्ष श्रीमान अरुण कुमार जी मालू, भवन सचिव श्रीमान गिरिराज जी लड्डा ने आगन्तुक अतिथियों को संबोधित किया और विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने समारोह में गत वर्ष की शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। वार्षिक उत्सव, संगम coming together के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिनमें नृत्य, समूहगान, आर्केस्ट्रा, एवं नन्हे मुन्ने बाल गोपाल द्वारा प्रस्तुत मनमोहन नृत्य एवं प्रस्तुति शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने दर्शकों की तालियाँ बटोरी एवं सभी ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं मंच कौशल की सभी ने सराहना की।



## एमपीएस संस्कृति अजमेर रोड

### क्रिसमस

क्रिसमस के अवसर पर विद्यालय को आकर्षक रूप से सजाया गया। विद्यार्थियों ने विशेष प्रार्थना सभा के दौरान क्रिसमस गीतों, नृत्य एवं लघु नाटिका के माध्यम से प्रेम, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया। सांता क्लॉज की उपस्थिति ने बच्चों में विशेष उत्साह भर दिया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती दलजीत कौर द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों की प्रशंसा की गई तथा सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएँ दी गईं।

### योगाभ्यास

कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों ने योग के प्रति जागरूक बनाते हुए ययोगासन करवाए गए।



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# एम.पी.एस. इंटरनेशनल, भाभा मार्ग, तिलक नगर ✆ 2621544, 2621545

## अनुभव की छाँव और बचपन की मुस्कान : MPS इंटरनेशनल में उमड़ा रिश्तों का सैलाब







विद्यालय के 'सांदीपनी सभागार' में एक ऐसा दृश्य जीवंत हो उठा जिसमें एक ओर जीवन के अनुभवों का हिमालय ( बुजुर्ग ) था तो दूसरी ओर उत्साह से लबरेज बचपन की नदियाँ। अवसर था विद्यालय द्वारा आयोजित 'ग्रैंडपेरेंट्स डे' का जो स्नेह, आशीर्वाद और मनोरंजन का एक अनुपम संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं गौ सेवक शिवरतन चितलांगिया, विशिष्ट अतिथि मेयर सौम्या गुर्जर, ईसीएमएस अध्यक्ष उमेश सोनी, उपाध्यक्ष निर्मल दरगड़, महासचिव शिक्षा कमल सोमानी, पूर्व प्रधानाचार्य घनश्याम सोनी एवं अन्य पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। दीप प्रज्वलन, गणपति पूजन और सरस्वती वंदना के साथ सात्विक वातावरण में कार्यक्रम शुरू हुआ। विद्यार्थियों ने जब 'श्रीराम स्तुति' का गान किया तो पूरा सभागार भक्तिमय हो उठा। नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत ऑर्केस्ट्रा, सुमधुर भजनों और सांस्कृतिक नृत्यों ने दादा-दादियों को भावविभोर कर दिया। विशेष रूप से विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'शिव तांडव स्तोत्रम्' की ऊर्जावान प्रस्तुति ने सनातन संस्कृति के प्रति अटूट आस्था का परिचय दिया। इस आयोजन की सबसे भावुक और सुंदर कड़ी रही विद्याधर नगर स्थित 'कृष्णधाम वृद्धाश्रम' से आए 'गोल्डन जेनरेशन' के सदस्यों की उपस्थिति। विद्यालय के स्नेहिल वातावरण और बच्चों की प्रस्तुतियों ने आगन्तुकों का दिल जीत लिया। वृद्धाश्रम से आए सदस्यों ने भावुक होते हुए साझा किया कि उन्हें यहाँ आकर अपार आनंद की अनुभूति हुई। बच्चों के संग बिताए इन पलों ने उन्हें अकेलेपन से दूर, खुशियों के एक नए संसार में पहुँचा दिया। वे यहाँ के आदर-सत्कार और कार्यक्रम की भव्यता से अत्यंत प्रसन्न होकर विदा हुए। मुख्य अतिथि शिवरतन चितलांगिया ने कहा कि दादा-दादी का मार्गदर्शन नई पीढ़ी के चरित्र निर्माण की नींव है। प्राचार्या मंजू शर्मा ने अपने संबोधन में बुजुर्गों के आशीर्वाद को देश के उज्ज्वल भविष्य की सुदृढ़ आधारशिला बताया। मनोरंजक खेलों और अंत्याक्षरी ने दादा-दादियों को फिर से उनके बचपन की याद दिला दी। डांस-ड्रामा की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। अंत में विद्यालय सचिव राधामोहन कचोलिया व भवन मंत्री गोविंद मालपानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### नन्हें-मुन्ने हाथों ने 'कुकिंग विदाउट फायर' में दिखाया हुनर



### इमोशनली और मेंटली स्ट्रॉन्ग बच्चे, बचे रहेंगे नशे और ड्रग्स के चंगुल से



विश्व हिन्दू परिषद की दुर्गा वाहिनी ने विद्यार्थियों के लिए 'नशा मुक्त भारत' व 'सशक्त युवा' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

### श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया 'तुलसी पूजन दिवस'



प्राचार्या जी ने तुलसी माता का पूजन किया तथा विद्यार्थियों ने भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया।

### सेवा क्लब द्वारा डोनेशन ड्राइव का सफल आयोजन



सेवा क्लब ने एनजीओ प्रेम मंदिर में डोनेशन ड्राइव आयोजित कर जरूरतमंद बच्चों को सहायता पहुँचाई।

### विशेष उपलब्धियाँ

- शाश्वत बने चेस टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर व मृग्या ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जीता रजत पदक।
- 'मिलेनियम एजुकेशन बेंटो आर्ट' प्रतियोगिता में नीरव बोहरा ने हासिल किया द्वितीय स्थान।
- राजस्थान राज्य स्तरीय अबेकस एवं मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता में पूर्वी माहेश्वरी का सराहनीय प्रदर्शन।
- विद्यालय के तन्मय गुप्ता ने इनोवेशन से बनाई पहचान।



### विद्यालय द्वारा उठाया गया अभिनव कदम



कक्षा एक से दस तक के विद्यार्थियों के लिए 'बेस्ट बडी' परंपरा का आरंभ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच बुलिंग को रोकना और आपसी सहयोग की भावना को विकसित करना है।

विद्यालय शिक्षा सचिव की कलम से :- एक किताब, एक कलम, एक बच्चा और एक शिक्षक दुनिया बदलने की क्षमता रखते हैं।

**Shri Radha Mohan Kacholia (CA)**
Hon.- Secretary

## 'दी मैजिकल टाइम मशीन' के संग समय- यात्रा पर निकले नन्हे कदम



दिनांक 21 दिसंबर को विद्यालय के प्राथमिक एवं पूर्व प्राथमिक विभाग संस्कृति का वार्षिकोत्सव दी मैजिकल टाइम मशीन कौटिल्य सभागार में अत्यंत भव्य एवं आकर्षक रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम समय यात्रा की अनूठी अवधारणा पर आधारित रही, जिसमें नन्हे विद्यार्थियों ने मंच के माध्यम से अतीत, वर्तमान और भविष्य के सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं सामाजिक परिवर्तनों को जीवंत रूप प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इसके पश्चात् शिक्षा, खेल एवं कला के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. भारत मोहन रतूड़ी ( बाल रोग विशेषज्ञ ) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती प्रमिला सारडा ( निदेशक, UCMA अम्बाबाड़ी ) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और समय की यात्रा को सजीव अनुभव में बदल दिया। इस अवसर पर ECMS के महासचिव ( शिक्षा ) श्री कमल सोमानी, विद्यालय मानद सचिव श्री आशीष मंत्री ( गणगौर बेसन ), भवन मंत्री श्री रवि पेडीवाल, प्रबंध समिति के सदस्य एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। भवन मंत्री ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।





## विद्यार्थियों ने सीखा आत्मरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन

